www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 3 | आंचलिक | 4 | अभिव्यक्ति | 6 | छत्तीसगढ़ | 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2020/81503 जबलपुर, शनिवार 4 मई 2024 वर्ष-4 अंक-69 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

भले ही कोई सीना फुलाकर गरजता हो कि वह किसी से नहीं डरता लेकिन सच्चाई यही है कि डर सबको लगता है और गला सभी का सूखता है। दरअसल जबसे गब्बर सिंह का यह डायलॉग मशहूर हुआ है कि - जो डर गया समझो मर गया... तभी से डरपोक से डरपोक आदमी खुद को शूरवीर बताने लगा है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी कई ऐसे शूरवीर चुनाव लड़ने से डर रहे हैं और कुछ अपनी सीट बदल रहे हैं। इनका मजाक नहीं उडाना चाहिए बल्कि इनका हौसला बढ़ाना चाहिए यह कहकर कि डर के आगे जीत है।

प्रदेश में गर्मी का रौद्र रूप, विभाग ने जारी किया हीट वेव का अलर्ट

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के कई शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। प्रदेश मे हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। अगले दो दिन तक तेज गर्मी पड़ने के आसार हैं। राजधानी भोपाल समेत पूरे प्रदेश में मई माह शुरू होते ही गर्मी अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तेज गर्मी के चलते लोगों को बाहर निकलने में काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। हालांकि शुक्रवार को राजधानी भोपाल में धूप के साथ कहीं-कहीं बादल भी दिखई दे रहें हैं, जिससे लोगों को राहत मिल रही है।

मौसम विभाग के जारी अलर्ट में बताया गया है कि 4-5 मई को ग्वालियर, खरगोन, खंडवा, दतिया समेत 10 जिलों में हीट वेव, यानी गर्म हवाएं चलेंगी। वहीं 6 और 7 मई को

पूर्वी हिस्से में हल्की बूंदाबांदी होने का अनुमान है। 6 और 7 मई को पूर्वी मध्यप्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश के अनुसार ईरान की ओर से वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इस वजह से मौसम में परिवर्तन हो कसता है। सामान्य से साढ़े 4 डिग्री तापमान ज्यादा होने पर हीट वेव चलने लगती है। अगले दिनों में हीट वेव का असर देखने को मिलेगा।

प्रदेश के इन जिलों में चलेंगी गर्म हवाएं

मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकार ने बताया कि 4 और 5 मई को ग्वालियर, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, खरगोन और खंडवा में हीट वेव चल सकती हैं। राजधानी भोपाल में एक दिन पहले तेज गर्मी की वजह से सड़क का डामर भी पिघल गया था।

प्रदेश के जिलों का तापमान

नरसिंहपुर 41.8 डिग्री, सीधी में 40 डिग्री, धार में 40.2 डिग्री, खंडवा में 40.5 डिग्री, खरगोन में 41 डिग्री, भोपाल में 37.8 डिग्री, इंदौर में 37.8 डिग्री, ग्वालियर में 36.5 डिग्री, **शेष पृष्ठ 5 पर**

तिहाड़ जेल में कैदी की हत्या

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के तिहाड़ जेल में एक कैदी की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि जेल नंबर तीन में कैदियों के बीच लड़ाई हुई और एक सजायाफ्ता कैदी की कुछ कैदियों ने

मिलकर हत्या कर दी. मृतक कैदी जेल में सेवादार का काम करता था. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की.

मृतक कैदी की पहचान दीपक (उम्र 29 साल) के तौर पर पर हुई है. जो दिल्ली के शकुरपुर इलाके का रहने वाला था और हत्या के केस में सजा काट रहा था. बताया जा रहा है कि अब्दुल बशीर नाम के अन्य कैदी ने उस पर हमला किया था. घायल अवस्था में दीपक को डीडीयू अस्पताल लाया गया था. जहां डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सकता. उसके सीने पर तेज धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला किए गए थे.

राहुल ने रायबरेली से पर्चा भरा

फिरोज गांधी जीते थे पहला चुनाव, 77 में हारी इंदिरा, 20 साल तक सोनिया रहीं सांसद

लखनऊ। कांग्रेस के गढ़ रायबरेली में एक बार फिर इतिहास दोहरा रहा है। राहुल गांधी को रायबरेली से प्रत्याशी बनाया गया है। राहुल गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी तथा बहन प्रियंका गांधी और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ रायबरेली निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर नामांकन किया। राहुल गांधी अब अपनी मां सोनिया गांधी की विरासत संभालेंगे। दरअसल, सबसे पहले 1952 में फिरोज गांधी ने चुनाव लड़ कर जीता। वह 1958 में भी विजयी हुए। इसके बाद इंद्रिा गांधी ने राजनीतिक सफर शुरू किया। उनके नहीं रहने पर सोनिया यहां से पांच बार सांसद रही हैं। अब राहुल गांधी गांधी परिवार की विरासत को संभालने जा रहे हैं।

राहुल यहां स्थित फुरसतगंज हवाईअड्डे पर अपनी मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और अन्य लोगों के साथ विमान से उतरे। कई दिनों की ऊहापोह को खत्म करते हुए, पार्टी ने आज सुबह घोषणा की कि राहुल गांधी रायबरेली सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जो पहले उनकी मां सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र था। पार्टी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गांधी परिवार के करीबी सहयोगी किशोरी लाल शर्मा को अमेठी लोकसभा सीट से मैदान में उतारा गया है।

सात चरण में हो रहे लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को जिन सीटों पर मतदान **शेष पृष्ठ 5 पर**

16 बार जीती है कांग्रेस

रायबरेली जिले की संसदीय सीट पर 16 बार कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की है। भारतीय जनता पार्टी के अशोक सिंह ने 2 बार जीत दर्ज की है। एक बार जनता पार्टी के राजनारायण ने जीत दर्ज की है। बसपा और सपा अभी तक यहां खाता तक नहीं खोल पाए हैं। वर्तमान में यहां सांसद सोनिया गांधी हैं।

आरक्षण खत्म करने की साजिश में लगे हैं कांग्रेस, वाम दल और तृणमूल कांग्रेस : मोदी

बर्दवान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इंडिया समूह के घटक कांग्रेस, वाम दल और तृणमूल कांग्रेस पर अपने वोटबैंक की खातिर जमीन तैयार करने के वास्ते एसटी/एससी और ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि ये पार्टियां इसे धार्मिक आधार पर मुसलमानों को आवंटित करने के लिए साजिश कर रही हैं।

श्री मोदी बर्दवान-दुर्गापुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष और बर्दवान-पूर्व से प्रत्याशी गायक कवि आशिम सरकार के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह यह जानकर आश्चर्यचकित हैं कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने गुरुवार को कथित तौर पर सभी हिंदुओं को दो घंटे में भागीरथी (गंगा) में डुबाने

की धमकी दी। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इस राज्य के हिंदुओं का क्या होगा , जिन पर हाल ही में रामनवमी उत्सव के दौरान हमला किया गया था।

उन्होंने कहा , वे (विपक्ष) विकास नहीं ला सकते। वे केवल वोटों की खातिर समाज में दरार पैदा करना जानते हैं। एक तृणमूल कांग्रेस विधायक ने सिर्फ दो घंटे में हिंदुओं को भागीरथी में डुबो देने की धमकी दी है। क्या क्या यही भाषा और राजनीतिक संस्कृति है। बंगाल में हिंदुओं के साथ क्या हो रहा है। ऐसा लगता है कि तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया है।

उन्होंने कहा , कांग्रेस, वाम दल और तृणमूल कांग्रेस के पास विकास के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं है। आप अच्छी तरह से जानते हैं कि ये तीनों पार्टियां राज्य के लिए क्या कर सकते हैं। त्रिपुरा को वामपंथियों ने 35 वर्षो तक नष्ट कर दिया , लेकिन भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में पूरे त्रिपुरा का रंग बदल दिया है। वहां से जब वामपंथी चले गए, तो विकास का सूरज उगना शुरू हो गया। उन्होंने कहा , हमारे देश में दशकों तक वोट जिहाद का खेल पर्दे के पीछे चुपचाप खेला जाता रहा। वे इतने हताश हो गए हैं कि पहली बार अब खुले तौर पर वोट जिहाद करने का ऐलान कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस का राजपरिवार, तृणमूल कांग्रेस का परिवार, वाम दल का का परिवार **शेष पृष्ठ 5 पर**

भारत से छिना नंबर-1 टेस्ट टीम का ताज

नई दिल्ली (ए.)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने शुक्रवार 3 मई को टेस्ट, वनडे और टी20

रैंकिंग का सालाना अपडेट जारी कर दिया है। इस अपडेट के बाद भारत से नंबर-1 टेस्ट का ताज छिन गया है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 के फाइनल में भारत को धूल चटाने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अब टेस्ट में पहला पायदान हासिल किया है। हालांकि भारत की वनडे और टी20 में बादशाहत बरकरार है, टीम इंडिया इन दोनों फॉर्मेट में पहले स्थान पर बनी हुई है। आईसीसी के इस सालाना अपडेट के बाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 124 रेटिंग है, वहीं भारत 120 रेटिंग के साथ दूसरे पायदान पर है। वहीं इंग्लैंड 105 रेटिंग्स के साथ तीसरे पायदान पर **शेष पृष्ठ 5 पर**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी, सीबीआई से मांगा जवाब

नयी दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से जुड़े कथित शराब घोटाला मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर ईडी और सीबीआई को शुक्रवार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। श्री सिसोदिया के मामले में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति स्वर्णा कांता शर्मा ने ईडी और सीबीआई से जवाब मांगा और इस मामले की अगली सुनवाई आठ मई को मुकर्रर की गयी है। वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने श्री सिसोदिया की ओर से जिरह करते हुये कहा कि निचली अदालत के पहले के आदेश में उनके मुवक्किल को सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी गयी थी, जिसे **शेष पृष्ठ 5 पर**

चौथे चरण में 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

नयी दिल्ली । लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस चरण में आन्ध्र प्रदेश की 25, बिहार की 5,जम्मू कश्मीर की एक, झारखंड की 4, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की 4, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए चुनाव होगा। नामांकन की

अंतिम तारीख 25 अप्रैल तक कुल 4264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1970 नामांकन पत्र वैध पाए गए। तेलंगाना की 17 सीटों के लिए 525, आंध्र प्रदेश की 25 सीटों के लिए 454, महाराष्ट्र की 11 सीटों के लिए 298 और उत्तर प्रदेश की 13 सीटों के लिए 130 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जम्मू कश्मीर की एक सीट के लिए ही 24 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। तेलंगाना में सभी 17 संसदीय सीटों के लिए सबसे अधिक 1488 नामांकन पत्र भरे गए। इसके बाद आंध्र प्रदेश में सभी 25 संसदीय क्षेत्रों से 1103 नामांकन फॉर्म भरे गए। तेलंगाना के संसदीय क्षेत्र 7-मलकजगिरि में सबसे अधिक 177 नामांकन पत्र दायर किये गये। **शेष पृष्ठ 5 पर**

ईरान और इजरायल की यात्रा पर रोक को लेकर बड़ा फैसला

भारतीयों को सतर्क रहने की सलाह

नई दिल्ली (ए.)। भारत ने ईरान और इजरायल की यात्रा पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया है। हालांकि, लोगों को यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने और भारतीय मिशन के संपर्क में रहने की सलाह दी है। मालूम हो कि दोनों देशों के बीच संघर्ष की आशंका के मद्देनजर भारतीय नागरिकों के लिए वहां जाने से रोक लगा दी गई थी। ईरान और इजरायल के संबंध में यात्रा परामर्श के बारे में मीडिया के प्रश्नों के जवाब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दिए। **शेष पृष्ठ 5 पर**

पाक ने चीन संग लॉन्च किया मून मिशन; मगर हो गया खेला

बीजिंग (ए.)। चीन ने शुक्रवार को अपने मून रिसर्च मिशन चांग'ई-6 यान को लॉन्च कर दिया। स्थानीय

समयानुसार, इसका प्रक्षेपण आज शाम 05:27 बजे किया गया। चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन की ओर से यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, चांग'ई-6 मिशन को चंद्रमा के रहस्यमय सुदूर हिस्से से सैंपल एकत्र करने और फिर पृथ्वी पर वापस लाने का काम सौंपा गया है। मानव मून रिसर्च के इतिहास में अपनी तरह का यह पहला प्रयास है। खास बात यह भी है कि इस चीनी यान के साथ पाकिस्तान ने भी अपना उपग्रह भेजा है। पाकिस्तानी सरकार भले ही बीजिंग संग मिलकर भारत के चंद्रयान-3 मिशन को कॉपी करना चाहती हो, मगर उसके साथ खेला हो गया है।

केजरीवाल की याचिका पर सुको की टिप्पणी

'चुनाव के मद्देनजर जमानत पर कर सकते हैं विचार'

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से कहा कि वह चुनावों के कारण अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार कर सकता है. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें अभी इस पर फैसला करना है. इस केस में अगली सुनवाई मंगलवार यानी 7 मई को होगी. सर्वोच्च अदालत ने कहा कि इस केस में समय लग सकता है, लेकिन अगर केस में समय लगता है

तो हम चुनावों के कारण अंतरिम जमानत पर विचार कर सकते हैं. कोर्ट ने कहा कि हम इस पर आपकी (ईडी) सुनवाई कर सकते हैं. हमें बताएं कि अगर हम अंतरिम जमानत देते हैं तो क्या शर्तें लगाई जाएंगी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें अभी भी इस पर फैसला करना है और मंगलवार को सुनवाई करनी है।

संविधान की प्रस्तावना से सेकुलर शब्द हटाएंगे : भाजपा

नयी दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज कहा कि लोकसभा चुनाव जीतने पर भाजपा की सरकार संविधान की प्रस्तावना से सेकुलर शब्द हटा देगी।

भाजपा के महासचिव दुष्यंत गौतम ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के बेबुनियाद आरोप लगा रही है , लेकिन भाजपा का नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्पष्ट कर चुके हैं कि संविधान और आरक्षण के साथ कोई बदलाव नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि संविधान को बदलने का पाप कांग्रेस ने किया है। संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। कांग्रेस की सरकार ने प्रस्तावना में बदलाव करके सेकुलर शब्द जोड़ दिया था। **शेष पृष्ठ 5 पर**

दूसरों को सुनाते थे सजा आज खुद कठघरे में

- **सुको ने बुरी तरह फटकारा फिर थमा दिया अवमानना का नोटिस**

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने आज (शुक्रवार, 03 मई) राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के दो सदस्यों को कड़ी फटकार लगाई है और उन्हें अवमानना का नोटिस थमाया है। शीर्ष अदालत ने एक रियल एस्टेट फर्म के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से परहेज करने के अपने 1 मार्च के आदेश का

उल्लंघन करने के खिलाफ ये आदेश दिया है।

जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ के सामने NCDRC के सदस्य सुभाष चंद्रा **शेष पृष्ठ 5 पर**

गरमा-गरम

उज्जैन के डिप्टी कलेक्टर रेप के आरोप में गिरफ्तार

बड़वानी में एसडीएम रहते दुष्कर्म का आरोप; पीड़ित ने 4 दिन पहले कराई थी एफआईआर

बड़वानी/नवप्रदेश। उज्जैन में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर डॉ. अभय सिंह खराड़ी को रेप के आरोप में बड़वानी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक महिला कर्मचारी ने 29 अप्रैल को उनके खिलाफ बड़वानी के महिला थाने में केस दर्ज कराया था। जिसके बाद से ही खराड़ी फरार चल रहे थे।

बड़वानी पुलिस ने गुरुवार रात को भोपाल से उन्हें गिरफ्तार किया। शुक्रवार को उन्हें बड़वानी कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बता दें कि डॉ. अभय खराड़ी खराड़ी बड़वानी में पदस्थ थे। लोकसभा चुनाव के चलते एक महीने

पहले ही उनका उज्जैन ट्रांसफर हुआ था। डॉ. खराड़ी 2016 में बड़वानी में एसडीएम रह चुके हैं। रेप का ये मामला इसी दौरान का है। पीड़िता से उन पर डरा धमका कर रेप करने का आरोप लगाया था।

आरोपी ने मोबाइल स्विच ऑफ कर रखा था

बड़वानी में महिला थाना टीआई अलका मेनिया ने बताया कि आरोपी अफसर की गिरफ्तारी के लिए चार सदस्यीय टीम उनकी तलाश में कई जिलों में पहुंची थी। खराड़ी ने चालाकी दिखाते हुए अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर रखा था। उनकी तलाश में पुलिस टीम सबसे पहले धार पहुंची। वहां से इंदौर पहुंची। उसके बाद साइबर टीम की मदद से भोपाल में दबिश देकर गुरुवार रात उन्हें गिरफ्तार किया।

पत्नी से भी विवाद चर्चा में रहा

बड़वानी में एसडीएम के पद पर रहने के दौरान खराड़ी उनकी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में रहे हैं। वहीं उनकी पत्नी से भी विवाद भी सुर्खियों में रहा है। बड़वानी में एसडीएम रहने के बाद पिछले साल ही प्रमोशन होकर उनको बड़वानी में डिप्टी कलेक्टर बनाया था।

मोदी की गारंटी पर लगेगी मुहर या जातीय समीकरण की होगी जीत!

दुर्ग/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में शामिल दुर्ग की सीट चुनावी मुकाबले को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बनी हुई है। पिछले लोकसभा के चुनाव में साढ़े चार लाख से अधिक मतो से जीत हासिल करने वाले सांसद व भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को मोदी लहर में कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू कड़ी टक्कर दे रहे हैं। परिणाम स्वरूप मुकाबला एक तरफा न होकर कांटे की टक्कर का बनता दिखाई दे रहा है। मोदी की गारंटी पर जातीगत समीकरण की गहरी छाया भी मंडराने लगी है। ऊंट किस करवट पर बैठेगा यह अनुमान लगा पाना मुश्किल है।

दुर्ग लोकसभा में कांग्रेस-भाजपा में कांटे की टक्कर

दुर्ग लोकसभा की नौ विधानसभा में सात सीटों पर भाजपा व दो सीटों पर कांग्रेस के विधायक है। लेकिन लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस व भाजपा कके बीच अधिकांश सीटों पर कड़े संघर्ष की स्थिति बन गई है। उसमें ये भाजपा को जहां कुछ सीटों से बढ़त की उम्मीद है वहीं कांग्रेस दूसरी अन्य सीटों से बढ़त का जवाब देने के लिए प्रयत्नशील है। पिछले विधानसभा के चुनाव में भाजपा को दुर्ग शहर से 48 हजार मतों से बड़ी जीत मिली है। लेकिन लोकसभा के चुनाव में यह अंतर बराबर होता दिखाई दे रहा है। उसका मुख्य कारण दुर्ग शहर कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू का गृहनगर होना है। राजेन्द्र साहू दुर्ग शहर से दो बार महापौर और विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। दुर्ग शहर में श्री साहू का अपना अलग जनाधार है और उनकी अलग बड़ी टीम हैं। जो पिछले कई सप्ताह से अपना काम कर रही हैं। इसके अतिरिक्त कांग्रेस के पूर्व विधायक अरूण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, सभापति राजेश यादव के साथ हर छोटा से बड़ा कांग्रेसी व समाजसेवी सक्रिय है। राजेन्द्र साहू के साथ पिछले दो चुनाव में कथित तौर पर षड्यंत्र पूर्व तरीके से हराने की सहानुभूति भी उनके लिए सोने में सुहागा बन गई है।

भाजपा को विधानसभा के चुनाव में वैशाली नगर से भी बड़ी जीत हासिल हुई है। वैशाली नगर पिछले एक दशक से अधिक समय से भाजपा का गढ़ बना हुआ है। भाजपा को उस विधानसभा से भारी बढ़त की उम्मीद है। कांग्रेस के समक्ष वैशाली नगर में बन रही खाई को पाटना एक बड़ी चुनौती बन गया है। कांग्रेस यहां बढ़त के अंतर को कम करने के लिए भारी जद्दोजहद कर रही है। भिलाई नगर विधानसभा में कांग्रेस का कब्जा है। लेकिन कांग्रेस के विधायक बिलासपुर से लोकसभा का प्रत्याशी बना दिए गए हैं। उनकी टीम भी उनके साथ बिलासपुर चली गई है। यहां महापौर नीरजपाल पूर्व महापौर नीतालोधी पूर्व मंत्री बी.डी. कुरैशी बृजमोहन सिंह मोर्चा संभाले हुए हैं। भिलाई नगर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी का गृहक्षेत्र हैं। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू सेक्टर 9 अस्पताल की बदहाली व बी.एस.पी. का मुद्दा उठाकर इस्पात नगरी की जनता व श्रमिकवर्ग के मुरीद बन गए है। यहां मुकाबला एक तरफा से कोसो दूर हो गया है।

साजा और बेमेतरा दोनो विधानसभा में भाजपा के विधायक है। लेकिन ये दोनों विधानसभा में भाजपा के विधायक है। लेकिन ये दोनों विधायक साहू समाज का प्रतिनिधित्व करते है। साहू समाज ने उन दोनों सीटों पर अपने समाज के लोगों को अवसर दिया है। साजा और बेमेतरा साहू समाज में चर्चा हैं कि समाज ने दो विधायक दे दिए और साहू समाज के सांसद की बारी है। साहू समाज कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के पक्ष में नजर आता दिखाई दे रहा है। नवागढ़ में भाजपा के विधायक प्रदेश सरकार में मंत्री है लेकिन यहां मुकाबला कांग्रेस भाजपा के बीच बराबरी का हो गया है। अहिवारा विधानसभा में भी कांग्रेस व भाजपा के बीच कांटे का मुकाबला है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में भी भाजपा के विधायक हैं। लेकिन दुर्ग ग्रामीण में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मोर्चा संभाल लिया है। उसके अतिरिक्त जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख जिला पंचायत अध्यक्ष युवक कांग्रेस के अध्यक्ष जयंत देशमुख प्रोफेसनल कांग्रेस के अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर सक्रिय है। दुर्ग ग्रामीण में भी राजेन्द्र साहू समाज की पहली पसंद के रूप में उभरकर सामने आए है।

पाटन में भूपेश की प्रतिष्ठा भी दांव पर

दुर्ग लोकसभा में पाटन एकमात्र ऐसी विधानसभा है जहां से कांग्रेस को भारी बढ़त मिलने की उम्मीद है। इसका मुख्य कारण क्षेत्र के साहू मतदाताओं की विजय बघेल के प्रति नाराजगी है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा ने साहू समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी मोतीलाल साहू को प्रत्याशी बनाया था तब भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल ने कथित रूप से कुर्सी समाज के मत भाजपा में नहीं पडने् दिए थे। उससे मोतीलाल साहू को पराजय का सामना करना पड़ा था। वर्ष 2023 के चुनाव में साहू समाज ने विजय बघेल का साथ नहीं दिया। साहू समाज ने विजय बघेल का साथ नहीं दिया। साहू समाज की श्री बघेल के प्रति नाराजगी बरकरार है और इसका संदेश पूरे साहू समाज में फैला दिया गया है। अब साहू समाज से राजेन्द्र साहू प्रत्याशी है इसलिए पूरा समाज एकजुट हो गया है। राजेन्द्र साहू पाटन में चुनाव का संचालन कर चुके हैं। साहू समाज के साथ कुर्मी समाज में भी लोकप्रिय है। पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल द्वारा कमान संभालने के बाद पाटन का पूरा माहौल कांग्रेसमय हो गया है। जो भारी बढ़त दिलाएगा।

कांग्रेस और भाजपा दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर

दुर्ग लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस व भाजपा दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। मोदी की गारंटी पर मुहर लगेंगी या जातीय समीकरण जीतेगा। यह अनुमान लगा पाना कठिन है। मुकाबला एक तरफा न होकर कांटे का बन गया है। विजय बघेल मोदी लहर में जीत को लेकर आत्म विश्वास से लबरेज हैं। भाजपा सरकार के सत्तासीन होने का लाभ मिलने की आशा है। धान खरीदी का एक मुश्त भुगतान, महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिलने की संभावना है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को समाज का लाभ मिलने के साथ दीगर समाजों का भी समर्थन मिल रहा है। मिलनसार छवि मतदाताओं को लुभा रही है। श्री साहू कुर्मी समाज व ब्राम्हाण समाज में भी लोकप्रिय है। कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई का एक कारण यह भी है कि पिछली सरकार के मुख्यमंत्री के साथ लगभग आधा दर्जन मंत्री दुर्ग लोकसभा में बने हुए है। कांग्रेस के लिए दिग्गज नेताओं के लिए भी यह चुनाव कड़ी परीक्षा से कम नहीं है। बहरहाल कांग्रेस 2014 का इतिहास दुहराएगी या फिर 2019 की पुनरावृत्ति होगी इसका फैसला मतदान के बाद होगा।

राहुल गांधी ने स्मृति ईरानी के डर से अमेठी छोड़ दिया कांग्रेस के यूपी प्लान को बीजेपी कैसे करेगी पंक्चर

नई दिल्ली। अमेठी और रायबरेली के लिए भाजपा की प्रचार लाइन अब तय हो गई है, जिसमें राहुल गांधी ने अपनी सीट बदल ली है और कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ अमेठी से अपने परिवार के विश्वासपात्र को मैदान में उतारा है. बीजेपी सूत्रों का कहना है कि पार्टी लोगों के बीच यह कहेगी कि राहुल गांधी ने ईरानी से हारने के डर से अमेठी छोड़ दिया और अब अमेठी से उनकी रिकॉर्ड जीत को कोई रोक नहीं सकता है।

भाजपा सूत्रों ने बताया कि केएल शर्मा अमेठी के लिए एक बाहरी व्यक्ति हैं और दो दशकों से अधिक समय से रायबरेली में सोनिया गांधी के प्रबंधक रहे हैं. सूत्रों ने बताया कि बीजेपी मतदाताओं से यह भी कहेगी कि रायबरेली में राहुल गांधी को वोट देने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि अगर वह दोनों सीटें जीतते हैं तो वह यह सीट भी छोड़ देंगे और वायनाड को बरकरार रखेंगे. एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने को बताया कि 'विलंब ने अंतिम क्षण तक अनिर्णय और कमजोरी दिखाई है; यही हाल है कांग्रेस पार्टी का।

उपचुनाव में उतरेंगी प्रियंका- बीजेपी

बीजेपी एक अभियान भी चलाएगी जिसमें लोगों से कहा जाएगा कि वे रायबरेली में बीजेपी उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह जैसे स्थानीय व्यक्ति को वोट दें जो सांसद के रूप में हमेशा उपलब्ध रहेंगे और राहुल गांधी पर दांव नहीं लगाएं. क्योंकि अगर राहुल जीतते हैं तो उपचुनाव की जरूरत होगी. एक भाजपा नेता ने पूछा कि 'क्या प्रियंका गांधी वाड्रा फिर उपचुनाव में मैदान में उतरेंगी?'

कोयला घोटाले से लेकर चुनाव लड़ने तक..

खुलकर बोले बीजेपी प्रत्याशी नवीन जिंदल

कुरुक्षेत्र. हरियाणा के कुरुक्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और उद्योगपति नवीन जिंदल ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है. इस दौरान उन्होंने से बातचीत की. नवीन ने कहा कि मुझे हर वर्ग का प्यार मिल रहा है. आज आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं, जो कि एक दूसरे को गाली देते थे और जिनका आपस में कुत्ता बिल्ली का बैर था. लेकिन लोगों ने इन्हें नकार दिया है और इनको किसी का भी आशीर्वाद नहीं मिल रहा है. नवीन जिंदल ने कहा कि अभय चौटाला इनेलो से चुनाव लड़ रहे है और हमारे बड़े भाई है और मजबूत उम्मीदवार भी है. जिंदल ने कहा जब मैंने भाजपा ज्वाइन की तो 90 से 95त्न लोगों ने कहा कि आपने बहुत अच्छा काम किया है. 5त्न ऐसे लोग भी थे जो कांग्रेस में रह गए और कहा कि आपने गलत फैसला लिया और वो मेरे लिए रोए भी. लेकिन मेरे लिए व्यक्ति और पार्टी से बड़ा देश है और देश हित में ही मैंने यह फैसला लिया है. मैं भाजपा में इसलिए आया हूं कि नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है और उसमें मैं पीछे नहीं रहना चाहता. मैं भी अपना योगदान देना चाहता हूं.

नवीन ने कहा कि मैं पिछले 5 साल राजनीति से दूर रहा, लेकिन अब दोबारा आया हूं तो मुझे काफी अच्छा लग रहा है. लोगों से मिलना उनकी तकलीफों को समझना और दूर करना मुझे रास आ रहा है. मुझे मेरे पिताजी ने सिखाया है कि परमात्मा ने बहुत कुछ दिया है, लेकिन लोगों की सेवा के लिए हमें भी बहुत कुछ करना है और इस संस्कार को लेकर मैं राजनीति में आया हूं. कुरुक्षेत्र के सभी 9 हलके विकसित बनें, मेरी यह इच्छा है. कोयला घोटाला में जो आरोप मुझ पर लगाए जा रहे है वो बिलकुल अनर्गल बातें हैं. जो लोग इसकी बात करते है, उन्हें घोटाले के बारे में कुछ भी नहीं पता।

पवन सिंह को गहरे तक चुभ गई केंद्रीय मंत्री की बात, पावर स्टार ने दिया दो टूक जवाब

सासाराम। काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ने लड़ रहे पवन सिंह ने केंद्रीय मंत्री और आरा से भाजपा के सांसद व प्रत्याशी आरके सिंह को जवाब दिया है. उन्होंने कहा है कि वे आरके सिंह की बहुत इज्जत करते हैं, लेकिन जिस लहजे में आरके सिंह जी ने मीडिया से बातचीत में उनसे चुनाव लड़ने मैदान से हट जाने की बात कही है; तो वह कहना चाहते हैं कि वह कोई पाकिस्तान में पैदा नहीं लिए हैं. वह भी बिहार के धरती के लाल हैं और ऐसे में काराकाट से चुनाव लड़ने से उन्हें कोई रोक नहीं सकता. काराकाट की जनता ने उन्हें अपना बेटा एक्सेप्ट कर लिया है. ऐसे में काराकाट की जनता ही उनकी मालिक है. अब जनता ही जो फैसला लेगी. हालांकि, पवन सिंह ने यह भी कहा कि वे आरके सिंह का बहुत सम्मान करते हैं।

बता दें कि केंद्रीय मंत्री आर.के. सिंह ने अभिनेता पवन सिंह को लेकर बयान दिया था कि वह समय रहते काराकाट से चुनाव मैदान से हट जाए. इसके बाद पवन सिंह का बयान सामने आया है. जिसमें उन्होंने यह भी कहा है कि भी अपने माता के आशीर्वाद से चुनाव मैदान में है; तो फिर वापस होने का सवाल ही नहीं है. वह काराकाट के डेहरी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

चुनाव से हट जाने की कही थी बात

आरा के भाजपा के सांसद तथा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने पिछले दिनों पवन सिंह से काराकाट के मैदान से हट जाने की बात कही थी. उन्होंने कहा था कि पवन सिंह को समय रहते काराकाट से चुनाव लड़ने की मंशा को छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 400 सांसदों का लक्ष्य रखा गया है और इसलिए इसमें कहीं कोई बाधा नहीं आए।

आरके ने पवन के लिए दिया था यह तर्क

आरके सिंह ने यह भी कहा कि था कि पवन सिंह समय रहते अगर चुनाव मैदान से नहीं हटते हैं तो भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्रवाई भी की जा सकती है क्योंकि पवन सिंह भाजपा से जुड़े रहे हैं. इसके बाद से ही पवन सिंह के जवाब का इंतजार किया जा रहा था. ऐसे में पवन सिंह ने आरके सिंह को टूक जवाब दे दिया है कि वह अपनी मां के आशीर्वाद से काराकाट में चुनाव लड़ने आए हैं तो पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है।

9 मई को अभिनेता पवन सिंह के नामांकन की है तैयारी

बता दें कि काराकाट लोकसभा क्षेत्र से पवन सिंह 9 मई को नामांकन करेंगे. इसके लिए परांव मैदान में एक बड़ी सभा भी होनी है. डेहरी के पराव मैदान में इसके लिए तैयारी भी शुरू कर दिया गया है. नामांकन कार्यक्रम में कई दिक्कत के पहुंचने की सूचना है. पवन सिंह के मीडिया प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि काराकाट की जनता की मांग है कि पवन सिंह यहां के सांसद बने. ऐसे में 9 मई को व्यवस्थित तरीके से आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए नामांकन किया जाएगा।

गुजरात की भरूच सीट

पहली बार आदिवासी बनाम आदिवासी मनसुख को युवा चेतर की चुनौती

भ्रुच। गुजरात में 15 प्रतिशत आबादी आदिवासी है। यहां की चार लोकसभा सीटें दाहोद, छोटा उदयपुर, बारडोली और वलसाड आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटें हैं। इसके अलावा 40 प्रतिशत आबादी वाला भरूच जिला है तो सामान्य सीट पर यहां जीत-हार आदिवासी आबादी ही तय करती है।

यही नहीं, गुजरात विधानसभा में 182 में से 27 सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। बाकी 40 सीटों पर भी आदिवासियों का दबदबा है। शायद यही वजह है कि राज्य में आदिवासियों के दो राजनीतिक दल भी हैं। पहली भारतीय ट्राइबल पार्टी और दूसरी उससे टूटकर बनी भारतीय आदिवासी पार्टी। पिछले छह बार से भाजपा के आदिवासी नेता मनसुख वसावा भरूच से सांसद हैं। हालांकि यह इलाका देश में कांग्रेस नेता अहमद पटेल की जन्मभूमि और कर्मभूमि के नाम से जाना जाता है। हालांकि, उन्होंने आखिरी बार 1984 में यहां से चुनाव जीता था। भ्रुच के एक गांव में छोटे ट्रक पर बज रहे डीजे पर गाना चल रहा है...एक ही चाले, चेतर भाई चाले। कुछ आदिवासी कलाकार यही गाना गा रहे हैं। यह वह गाना है, जिसपर नाचे बिना आजकल इलाके की शादियां अधूरी मानी जाती हैं। चेतर भरूच से विपक्षी गठबंधन में आप पार्टी के प्रत्याशी हैं। राजनीतिक अनुमान के मुताबिक कांग्रेस को मिलने वाले मुस्लिम वोट चेतर के हिस्से जा सकते हैं।

आदिवासी, उम्र और कांग्रेस

नुसरत भी कर सकती हैं सपा से नामांकन खुद अफजाल अंसारी ने दिए इसके संकेत

गाजीपुर। सपा प्रत्याशी अफ्जाल अंसारी ने अपनी बड़ी बेटी नुसरत अंसारी के नामांकन को लेकर संकेत दिया है कि वो भी गाजीपुर सीट से पर्चा दाखिल कर सकती हैं। इसके लिए उन्होंने पार्टी कार्यालय पर आयोजित इंडिया गठबंधन की बैठक में सभी से परिचय भी कराया। इस दौरान पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने ने कहा कि हमारी बेटियों में बहुत हौसला है। बेटियां किसी से कम नहीं हैं, बस उन्हें अवसर मिलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम कभी भी नामांकन कर सकते हैं। लोगों में इतना उत्साह है कि हम इतनी भीड़ जुटा कर कोई कंट्रोवर्सी पैदा नहीं करना चाहते हैं। लड़की को पर्चा भरने के सवाल पर कहा कि हमारे डमी प्रत्याशी के रूप में हमारे भाई मुख्तार अंसारी ने भी हमारे साथ पर्चा भरा था तो डमी के रूप में कोई भी पर्चा भर सकता है।

गाजीपुर लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे पार्टी प्रत्याशी व समर्थकों का जनसंपर्क तेज होता जा रहा है। पांच बार विधायक और दो बार सांसद बने सपा प्रत्याशी अफ्जाल अंसारी ने अपनी बेटी नुसरत अंसारी की भी राजनीति में एंट्री करा दी है, जो अपने पिता की जीत के लिए प्रचार करने जा रही है। उन्होंने बीते दिनों शिव मंदिर में जाकर जहां पूजन-अर्चन की। महिलाओं के साथ बैठकर कीर्तन भी किया। यही नहीं, वो पवहारी बाबा आश्रम में पहुंची, जहां उन्होंने दर्शन पूजन किया था। राजनीतिक गलियारे में नुसरत का पवहारी बाबा आश्रम जाना, कई मायनों में चर्चा के केंद्र में बना हुआ है। यह वही स्थान है, जहां जनवरी 2023 में गाजीपुर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पूजा की थी।

गाजीपुर सीट पर रोचक होगा मुकाबला

लोकसभा चुनाव इस बार काफी रोचक होने जा रहा है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे सियासत का तापमान बढ़ता ही जा रहा है। प्रत्याशी से लेकर राजनीतिक दलों के लोग रणनीति के तरह एक-एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं।

बेटियों ने संभाली पिता की कमान

पिछले चुनाव में पुरुषों की तुलना में हर विधानसभा क्षेत्र में अधिक वोट करने वाली महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसके लिए अब भाजपा-सपा जैसे दलों के प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी बेटियों को भी चुनाव प्रचार की कमान सौंप दी है, जो महिला टोली बनाकर लोगों के घरों के अंदर तक दस्तक देने लगी है। वो जाति-पाती का बंधन समाप्त करने

गधे पर बैठकर पर्चा भरने पहुंचा निर्दलीय प्रत्याशी

गोपालगंज। देश भर में लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामांकन फॉर्म भरने का दौर जारी है। इसी बीच बिहार के गोपालगंज में एक अजब गजब नजारा देखने को मिला, जब एक निर्दलीय प्रत्याशी सत्येंद्र बैठा नामांकन फॉर्म जमा करने गधे पर बैठकर डीएम कार्यालय पहुंच गए। प्रत्याशी बैठा के अनुसार गोपालगंज के किसी नेता ने 30-40 वर्षों में किसी तरह का विकास नहीं किया है, बल्कि अपने घरों का ही विकास किया है और जनता को गधा बनाने का काम किया है। इसलिए वह जनता को जागरूक करने के लिए गधे पर बैठकर नामांकन जमा करने पहुंचे हैं।

गोपालगंज शहर में शुक्रवार दोपहर एक निर्दलीय प्रत्याशी गधे पर बैठकर अपना नामांकन फॉर्म जमा करने डीएम कार्यालय पहुंचे। निर्दलीय उम्मीदवार सत्येंद्र बैठा गधे पर बैठकर रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय पर पहुंचे थे।

बैठा ने बताया कि चुनाव जीतने के बाद नेता अगले पांच सालों तक के लिए जनता को मूर्ख अर्थात बेवकूफ बनाते रहते हैं। इसलिए वह गधे पर बैठकर निर्वाचन कार्यालय तक पहुंचकर अपना नामांकन फॉर्म रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा कराने आए हैं। हालांकि इस दौरान उनके साथ उनके समर्थक भी मौजूद रहे। सत्येंद्र बैठा ने गधे पर बैठकर ही रैली भी निकाली। ऐसे में जहां से भी वह निकले तो लोग उनको देखते ही रहे, क्योंकि उनका इस तरह से गधे पर बैठकर नामांकन फॉर्म जमा कराना अब पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

इधर, गधे पर बैठकर अपना नामांकन फार्म जमा करने पहुंचे बैठा ने मीडिया को बताया कि वह गधे पर बैठकर इसलिए नामांकन जमा करने आए हैं, क्योंकि गोपालगंज के जीते हुए नेताओं ने जनता को गधा बनाने का काम किया है। वे लगातार क्षेत्र की जनता के वोट ले रहे हैं, लेकिन विकास उनके अपने घरों पर हो रहा है, उन्हीं के बंगले और प्रॉपर्टी बन रही हैं। जिस वजह से आम मतदाता गधा बन रहा है। इसलिए उन्होंने इस तरह का विरोध प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने निर्दलीय फॉर्म जमा किया है। उन्होंने कहा कि गोपालगंज के सांसद ने सालों से सत्ता में बने रहने के बाद भी क्षेत्र का विकास नहीं किया और भोली भाली शहर की जनता को मूर्ख समझकर रखा हुआ है।

सीएम मोहन यादव बोले–हम मोदी जी के पट्ठे हैं

कहा–मेरी विधानसभा में 500 यादव भी नहीं, फिर भी बीजेपी ने मुझे मौका दिया

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम डरने वाले नहीं हैं। डरने वाले, डरते होंगे। हम नहीं डरते। हम मोदी जी के पट्ठे हैं। इस बात को जोर-शोर से रखते हैं कि जो सनातन धर्म को गाली देने वाले हैं उनसे हिसाब चुकता करने के लिए जनता तैयार है। सीएम डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को उत्तरप्रदेश के बदायूं लोकसभा क्षेत्र के गुन्नौर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के नेताओं पर निशाना साधा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- तीन-चार दिन बाद वोट डलने वाले हैं। यहां यदुवंशियों की बड़ी संख्या है। यह हमारा सौभाग्य भी है कि हम ऐसे भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ते हैं जिन्होंने सदैव धर्म मार्ग पर चलना सिखाया। कभी धर्म से समझौता नहीं किया। सीएम ने कहा- मैं जिस जगह से आता हूं उस विधानसभा क्षेत्र में 500 यादव भी नहीं है। उसके बावजूद भी आपके इस भाई को भाजपा मौका देती है। मुख्यमंत्री के

पद तक पहुंचाती है। इसीलिए मैं आप लोगों से भाजपा से जुड़ने की बात कहता हूं। भाजपा केवल कहती नहीं है सबका साथ- सबका विकास, यह करके दिखाती है। सीएम ने कहा- उत्तर प्रदेश में 12 प्रतिशत से ज्यादा आबादी यदुवंशियों की है लेकिन दुर्भाग्य से यहां के माननीय जी, उनके बेटा जी चार-चार बार इस प्रदेश में मुख्यमंत्री बनते हैं लेकिन किसी अन्य यादव बंधु को मौका नहीं देते। अब गुन्नौर से मुख्यमंत्री बनाकर बता देते। तब पता चलता। अब समाजवादी को विदा करने का समय आ गया है।

मोहन यादव ने कहा- मैं थोड़े दिन पहले शिक्षा मंत्री था, और शिक्षा मंत्री रहते मेरे मन में कसक थी कि हम अपने कॉलेज के बच्चों को शिक्षा देना चाहते हैं। लेकिन यह भी 5000 साल पुराना एक इतिहास है कि भगवान कृष्ण ने गोकुल, वृंदावन से आकर कंस को मारा था लेकिन कंस को मारने के बाद शिक्षा को ऐसा महत्व दिया कि वे उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने गए। हम सबको भी संकल्प करना है कि शिक्षा का महत्व कितनी जरूरी है। सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा- ये हमारी सरकार का निर्णय है कि शिक्षा के पाठ्यक्रम में भगवान कृष्ण के मुंह से निकली पवित्र गीता और अलग-अलग प्रसंग हम शिक्षा नीति में लाने वाले हैं। हम भगवान राम और कृष्ण को शिक्षा नीति में नहीं लेंगे तो किसको लेंगे?

न्यूज़ गैलरी

भोपाल निगम अमले को पीटने वालों के घर नोटिस चस्पाया

3 दिन में भवन अनुमति के दस्तावेज मांगे; अवैध होने पर टूटेगा मकान

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में निगम के कर्मचारियों को पीटने वाले दोनों भाइयों के घर पर शुक्रवार सुबह नगर निगम ने नोटिस चस्पा दिया। जिसमें 3 दिन के अंदर भवन अनुमति के दस्तावेज तलब किए गए हैं। अवैध होने पर घर टूट भी सकता है। इधर, निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने इसी मुद्दे पर आज कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों की मीटिंग भी बुलाई है। बता दें कि गुरुवार दोपहर में निगमकर्मी मो. साजिद (28) निवासी शाहजहांनाबाद, रेखा इंगले और करण इंगले से मारपीट की गई थी। वे वार्ड-15 के जेपी नगर की गली नंबर-3 में वे डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने पहुंचे थे। इसी दौरान तारिक पिता कम्मू खान और उसका छोटा भाई छोटू कचरा डालने आए। कर्मचारियों ने उनसे सूखा और गीला कचरा अलग-अलग देने को कहा था। इसी बात पर दोनों भाइयों ने अभद्रता करते हुए निगमकर्मियों से मारपीट की थी। साथ ही तलवार से काट देने की बात भी कही। हमले के विरोध में कर्मचारियों ने गौतम नगर थाने का घेराव भी किया था। इसके बाद आरोपियों के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का केस दर्ज किया था। कर्मचारियों की चेतावनी के बाद शाम को पुलिस ने दोनों भाइयों को हिरासत में ले लिया था।

भोपाल में करीब 450 कचरा कलेक्शन गाड़ियां चलती हैं। मध्यप्रदेश शासकीय वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ ने गुरुवार शाम तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर शुक्रवार से गाड़ियां नहीं चलाने की चेतावनी दी थी। हालांकि, शाम को ही पुलिस ने दोनों भाइयों को पकड़ लिया था। इसके चलते शुक्रवार सुबह गाड़ियां डोर-टू-डोर कचरा लेने के लिए पहुंच गईं।

निगम ने आरोपियों के घर पर जो नोटिस चस्पाया है, उस पर 400 स्क्वेयर फीट के मकान की अनुमति की जानकारी मांगी गई है। 3 दिन में अनुमति समेत अन्य दस्तावेज देने होंगे। निर्माण अवैध पाए जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भोपाल में वाहन चेकिंग के दौरान अवैध रकम मिली

भोपाल/नवप्रदेश। राजधानी भोपाल के सिंधी कॉलोनी में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कार चालक को रोका। कार की तलाशी में अवैध रूप से रखे 1.75 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। कार्रवाई को लोक सभा चुनाव के मद्दे नजर

हनुमानगंज पुलिस ने अंजाम दिया है। टीआई अवधेश भदौरिया ने बताया कि सिंधी कॉलोनी में वाहन चेकिंग के दौरान एमपी 04 सी एक्स 7019 को शुक्रवार की दोपहर को रोका गया था। पूछताछ में चालक ने अपना नाम मुकुन्द विश्वकर्मा पिता धन्नालाल विश्वकर्मा नि. ग्राम खोपरा कला तह. काला पीपल शाजापुर बताया। आरोपी की कार को चैक किया तो डैशबोर्ड की डिग्गी के अन्दर नगदी रुपये 1,75,000/- रु. रखे मिले। टीआई ने बताया कि रकम के संबंध में युवक से दस्तावेज मांगे। वह नहीं दे सका, इसी के साथ किसी प्रकार का कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। तब एफएसटी दल क्र. 03 को तलब किया। सूचना पर राजेन्द्र सिंह परमार लेबर इंस्पेक्टर हमराह स्टाफ के उपस्थित आए। उनकी मौजूदगी में पैसों की गिनती की गई। जिसमे 500 रु. की कुल 300 नोट, 200रु. के 75 नोट, 100रु. के 100 नोट कुल रकम 1,75,000/-रु. को एफएसटी टीम द्वारा विधिवत जप्त कर पंचनामा तैयार किया मौके की कार्यवाही की वीडियो ग्राफी की गई।

भोपाल की महिला डॉक्टर से जयपुर में रेप

आरोपी डॉक्टर ने शादी का झांसा देकर बार-बार किया दुष्कर्म, बंधक बनाकर मारपीट भी की

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल की महिला डॉक्टर से जयपुर में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी भी डॉक्टर है। जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल से पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहा है। उसने युवती को शादी का झांसा देकर जयपुर बुलाया, फिर मर्जी के खिलाफ संबंध बनाए। जल्द शादी करने का भरोसा देकर चार महीने तक बार-बार ऐसा किया।

युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी अपनी बात से मुकर गया। इस पर महिला डॉक्टर ने भोपाल की खजूरी सड़क थाना पुलिस से शिकायत की। जहां जीरो कायमी कर केस डायरी जयपुर पुलिस को भेज दी गई। राजस्थान पुलिस ने जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

दिल्ली एम्स में हुई थी मुलाकात

पुलिस के मुताबिक, छिंदवाड़ा की रहने वाली 27 वर्षीय महिला डॉक्टर भोपाल के मेडिकल कॉलेज से पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही है। फिलहाल कॉलेज के हॉस्टल में ही रहती है। जनवरी 2023 में दिल्ली एम्स में मेडिकल कॉन्फ्रेंस के दौरान उसकी मुलाकात जयपुर के डॉक्टर दर्शन राठौर से हुई थी। दोनों में वहीं दोस्ती हो गई। फोन पर बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। प्रेम संबंध गहराए तो सगाई भी कर ली।

दर्शन ने 24 दिसंबर 2023 को शादी की बातचीत करने के बहाने युवती को जयपुर बुलाया। उसे एसएमएस अस्पताल के पास मकान नंबर 63 में ठहराया। दर्शन ने कहा, अब हम जल्द शादी करने वाले हैं। युवती की मर्जी के खिलाफ पहली बार संबंध बनाए।

3 दिन बंधक बनाकर मारपीट की

इसके बाद 26 जनवरी 2024 को फिर जयपुर बुलाया। इस बार अपने घर में ही ज्यादती की। 29 मार्च 24 तक कई बार जयपुर स्थित अपने घर में दुष्कर्म किया। विरोध किया तो युवती को 3 दिन तक बंधक बनाकर भी रखा। मारपीट की। अप्रैल 2024 में शादी करने का दबाव बनाने पर मुकर गया। कहा कि शारीरिक संबंध बनाने के लिए झूठ बोला था।

जयपुर के एसएमएस थाने के एसएचओ सुधीर उपाध्याय ने बताया, एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जीतू पटवारी ने इमरती देवी से मांगी माफी, बोले- वो मेरी बड़ी बहन

इधर इमरती ने दर्ज कराई एफआईआर

भोपाल/नवप्रदेश। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी द्वारा अशोकनगर में इमरती देवी को लेकर दिया गया बयान सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है। मामले को लेकर भाजपा के छोटे-बड़े सभी मुखर हो गए हैं। अब जीतू पटवारी ने इमरती देवी से माफी मांगी है। वहीं देर शाम इमरती देवी ने एफआईआर दर्ज करा दी है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर दिए विवादित बयान पर उनसे माफी मांगी है। जीत पटवारी ने अपने बयान पर खेद जताते हुए कहा कि उनकी मंशा सिर्फ सवाल को टालने की थी, किसी को ठेस पहुंचाने की नहीं थी। इमरती देवी उनकी बड़ी बहन हैं और बड़ी बहन मां जैसी होती है। गौरतलब है कि पीसीसी चीफ जीतू पटवारी द्वारा अशोकनगर में इमरती देवी को लेकर दिया गया बयान सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है। मामले को लेकर भाजपा के छोटे-बड़े सभी मुखर हो गए हैं। जहां प्रदेश भर के कांग्रेस के जिला कार्यालय में भाजपा के कार्यकर्ता प्रदर्शन करते नजर आए। वहीं मंत्री कृष्णा गौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस को जमकर घेरा। इस पूरे मामले में इमरती देवी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी से प्रदेश अध्यक्ष से इस्तीफा लेने की बात भी कही है। साथ ही इमरती देवी ने कहा है कि पूरे मामले में एफआईआर दर्ज कराएंगी।

तोड़-मरोड़कर पेश किया गया बयान

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने बयान को लेकर सफाई पेश करते हुए कहा कि अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मैं पिछले दिनों ग्वालियर में था, वहां एक ऑडियो को लेकर मुझसे सवाल पूछा गया था। उस सवाल को टालने के लिहाज से मेरे द्वारा वक्तव्य दिया गया था, लेकिन मेरे बयान को तोड़ मरोड़कर गलत संदर्भ में पेश किया गया। इमरती देवी मेरी बड़ी बहन हैं और बड़ी बहन मां जैसी होती है। मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि मेरा संदर्भ सिर्फ सवाल को टालने का था और उसके अलावा कोई दूसरा इंटेंशन नहीं था। यदि मेरे बयान से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं अपने बयान को लेकर खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। बयान किसी भी प्रकार से किसी भी संदर्भ में मेरे मन में नकारात्मक भाव नहीं था ना किसी का मजाक उड़ाना था।

इधर इमरती देवी ने जीतू पटवारी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करा दी है। इमरती देवी ने कहा कि मैं तो ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि कांग्रेस के लोगों को सद्बुद्धि दे। कभी कमलनाथ बोलते हैं आइटम, कभी दिग्विजय सिंह बोलते हैं टचिंग माल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी बोलते हैं कि रस निकल गया। कांग्रेस के लोगों को ऐसा नहीं करना चाहिए। बाबा साहब के संविधान से ही सभी महिलाएं बाहर निकली हैं। जबकि मैं तो एससी समाज की महिला हूं। अगर एससी समाज की महिलाओं के साथ इतना गलत व्यवहार कांग्रेस कर सकती है, तो यह उनके लिए अच्छी बात नहीं है। मैं सोनिया गांधी और राहुल गांधी से निवेदन करती हूं कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से इस्तीफा ले लेना चाहिए।

भाजपा की ओर से कहा गया है कि कांग्रेस का इतिहास हमेशा दलित विरोधी रहा है, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी से लगाकर अब भाजपा की दलित वर्ग की वरिष्ठ नेत्री इमरती देवी के ख़िलाफ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा बेहद घटिया और आपत्तिजनक बयान देकर हमारी मातृशक्ति के प्रति अपनी सामंती सोच का परिचय दिया है।

भोपाल के गांधीनगर में 5 लाख की अवैध शराब जब्त

झाड़ियों में छुपा रखे थे शराब से भरे ड्रम-कुप्पे; जमीन पर बहाकर नष्ट की

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के गांधीनगर से 5 लाख रुपए से ज्यादा की अवैध शराब जब्त हुई है। आबकारी विभाग ने शुक्रवार सुबह यहां कार्रवाई की। शराब का अवैध कारोबार करने वालों ने शराब से भरे ड्रम और कुप्पे झाड़ियों में छुपा रखे थे। जब्त करने के बाद शराब जमीन पर बहाकर नष्ट की गई। जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। तीन से चार टीमों ने संयुक्त रूप से गांधीनगर के नई बस्ती, हरिओम नगर में दबिश दी। अचानक हुई कार्रवाई से हड़कंप मच गया। यहां से कुप्पों और ड्रमों से 390 लीटर हाथभट्टी शराब, 4560 किलो लाहन जब्त किया गया। मामले में 17 केस दर्ज किए गए हैं। शराब की कीमत 5 लाख 15 हजार रुपए आंकी गई है। एक अन्य कार्रवाई में सुभाष नगर स्थित आचार्य नरेंद्र देव नगर में एक महिला से 15 पाव प्लेन शराब जब्त की गई। बता दें कि एक दिन पहले गुरुवार को भी बैरसिया रोड के कई गांवों में आबकारी विभाग ने कार्रवाई की थी। कार्रवाई के दौरान 20 से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

चुनाव के चलते कार्रवाई

लोकसभा चुनाव के चलते आबकारी विभाग की टीमें कार्रवाई कर रहा है। गुरुवार को रतुआ पठार, हर्राखेड़ा, तरावली जोड़, करारिया जोड़, बैरासिया पठार, धमर्रा, हिरनखेड़ी, करणपुरा आदि गांवों में दबिश दी गई थी। यहां से जब्त शराब को जमीन पर बहाया गया था। शुक्रवार को भी अवैध शराब नष्ट की गई।

कर्मचारियों की समस्याओं को हम प्राथमिकता देंगे: अरुण श्रीवास्तव

कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने वल्लभ भवन पहुंचकर कर्मचारियों के बीच जनसंपर्क किया और समर्थन मांगा

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान शुक्रवार की दोपहर वल्लभ भवन इलाके में पहुंचकर कर्मचारी और अधिकारियों से संपर्क साध कर कांग्रेस को वोट देने की अपील की अनेक कर्मचारी और अधिकारियों के संगठनों ने अरुण श्रीवास्तव का भव्य स्वागत किया और जन समर्थन देने की बात कही । इस दौरान श्री श्रीवास्तव ने कहा कि ये सरकार कर्मचारी विरोधी है। इन लोगों ने नई नौकरी देना बंद कर दिया है और कर्मचारियों की पेंशन भी बंद कर दी है। युवाओं को भर्ती नहीं हो रही है। कांग्रेस कर्मचारियों के साथ है। हमने पेंशन का वायदा किया है। आप हमारा साथ दो हम आपका साथ देंगे।

जनसंपर्क के दौरान अरुण श्रीवास्तव के साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री पीसी शर्मा, कर्मचारी नेता वीरेंद्र खोंगल, राम मूर्ति पांडे, सतीश शर्मा, पार्षद गुड्डू चौहान, अमित शर्मा, लोकेश शर्मा एवं कर्मचारी साथी उपस्थित रहे ।

नरेला में किया जनसंपर्क

श्रीवास्तव ने आज नरेला क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान उनके साथ महेंद्र जोशी, महेंद्र सिंह चौहान, नरेला से कांग्रेस प्रत्याशी रहे मनोज शुक्ला भी थे। श्रीवास्तव ने कहा कि नरेला क्षेत्र का जितना विकास होना चाहिए था, नही हुआ। आप हमें लोकसभा में मौका दीजिए, हम इस क्षेत्र का विकास करने का प्रयास करेंगे। जनसंपर्क अभियान अशोका गार्डन से शुरू हुआ और चांदबड़, विजय नगर, सेमरा होते हुए अस्सी फिट रोड नेहरू चौराहे पर आकर खत्म हुई।

पीसीसी में नारी न्याय पर कार्यक्रम

श्री अरुण श्रीवास्तव ने पीसीसी में नारी न्याय पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आज राज्य से लेकर केंद्र तक की सरकारें महिला सम्मान और सुरक्षा के लिए गंभीर नहीं हैं। कांग्रेस हमेशा नारी सम्मान की पक्षधर रही है। आज हम मारी सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बार हमें भोपाल में बदलाव लाना है। इसके लिए आप सभी का सहयोग आवश्यक है। सभी मैदान में जुट जाएं और नारी शक्ति को कांग्रेस के समर्थन के लिए तैयार करें। कार्यक्रम में पीसीसी उपाध्यक्ष राजीव सिंह, महामंत्री महेंद्र सिंह चौहान, महेंद्र जोशी सहित अनेक नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जबलपुर हाईकोर्ट में महिला ने पति के खिलाफ लगाई याचिका, एफआईआर निरस्त करने के आदेश

जबलपुर/नवप्रदेश। जबलपुर हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई में कहा है कि पत्नी से अननैचुरल सेक्स रेप की श्रेणी में नहीं आता, इसलिए यह सजा योग्य नहीं है। कोर्ट ने मामले में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने के आदेश दिए हैं। सुनवाई गुरुवार को जस्टिस जीएस अहलूवालिया की कोर्ट में हुई।

जबलपुर के रहने वाले शख्स की शादी 18 मई 2019 में नरसिंहपुर की युवती से हुई थी। कुछ दिन बाद दोनों में विवाद होने लगा। दोनों के परिवार वालों ने समझाया, लेकिन बात नहीं बनी। महिला ने 2021 में पति समेत सास-ससुर और ननद के खिलाफ नरसिंहपुर में कोतवाली थाने में दहेज मांगने और मारपीट की शिकायत कर दी। इस पर मनीष ने भी जबलपुर कुटुम्ब न्यायालय में तलाक के लिए अर्जी लगा दी। यह केस अभी विचाराधीन है। 24 अक्टूबर 2023 महिला ने पति के खिलाफ नरसिंहपुर कोतवाली में फिर से आईपीसी की धारा 377, 506 के तहत शिकायत कर दी। नरसिंहपुर पुलिस ने जीरो पर केस दर्ज कर मामला जबलपुर कोतवाली भेज दिया। 14 फरवरी 2023 में पति ने इस स्नद्धक्र के खिलाफ मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में चुनौती दी।

कोर्ट का तर्कः पति-पत्नी पर लागू नहीं धारा 377

याचिकाकर्ता के वकील साजिदउल्ला ने बताया कि महिला ने अपने पति पर जबरन संबंध बनाने और अप्राकृतिक यौन संबंध का आरोप लगाया था। चूंकि दोनों का लंबे समय से विवाद चल रहा है। हाईकोर्ट ने यह कहते हुए एफआईआर को निरस्त करने के आदेश दिए हैं कि पति-पत्नी जहां पर होते हैं, वहां धारा 377 लागू नहीं होती। भारतीय कानून में मैरिटल रेप को अपराध नहीं माना गया है।

सुविचार

सत्य कभी यह दावा नहीं करता कि मैं सत्य हूं लेकिन झूठ हमेशा दावा करता है कि मैं ही सत्य हूं। - अज्ञात

रायबरेली से राहुल गांधी की उम्मीदवारी

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने आखिरकार वायनाड के बाद अब रायबरेली से भी अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। उत्तरप्रदेश की रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट पे कांग्रेस प्रत्याशी के नामों को लेकर पिछले एक सप्ताह से माथापच्ची की जा रही थी। रायबरेली और अमेठी के कांग्रेस कार्यकर्ता यह मांग कर रहे थे कि नेहरू गांधी परिवार की इन पारंपरिक सीटों पर गांधी परिवार का सदस्य ही चुनाव लड़े। सोनिया गांधी ने अपने स्वास्थ्य का हवाला देकर पहले ही रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। और वे राज्यसभा में चली गई हैं। इसके बाद से यह कयास लगाए जा रहे थे कि अमेठी से एक बार फिर राहुल गांधी मैदान पर उतरेंगे। और रायबरेली सीट से उनकी बहन प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी। किन्तु इस बात पर उनके परिवार में ही सहमति नहीं बन पाई। लंबी चर्चा के बाद राहुल गांधी को अमेठी की जगह रायबरेली से उम्मीदवार घोषित कर दिया गया। अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को कांग्रेस ने टिकट दी है जो लंबे समय से रायबरेली में सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के रूप में काम करते रहे हैं। राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल भी कर दिया है। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के साथ ही सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राबर्ट वाड्रा सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। राहुल गांधी की रायबरेली से उम्मीदवारी को लेकर अब भाजपा ने उन पर तंज कसना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस पर टिप्पणी की है और यह कहा है कि अमेठी में हार के डर से राहुल गांधी रायबरेली चले गए हैं। पीएम मोदी ने तो यह भी दावा किया है कि राहुल गांधी वायनाड से भी चुनाव हार रहे हैं। वहीं पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को अमेठी में हराने वाली स्मृति ईरानी ने भी राहुल गांधी पर हमला किया है और कहा है कि अमेठी से हार के डर के कारण ही राहुल गांधी पलायन कर गए हैं। इधर कांग्रेस छोड़ चुके आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा है और कहा है कि प्रियंका गांधी के साथ उनके परिवार और पार्टी में साजिश की गई है। गौरतलब है कि सोनिया गांधी के परिवार में ही प्रियंका गांधी को राजनीति में लाने के मुद्दे को लेकर मतभेद की खबरें सामने आती रही हैं। कहा जाता है कि प्रियंका गांधी रायबरेली सीट से चुनाव लड़ना चाहती थी लेकिन एक ही परिवार के तीन सदस्यों को संसद में पहुंचना लोगों को पसंद नहीं आता और कांग्रेस पर एक बार फिर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाता। इसी कारण प्रियंका गांधी को चुनाव न लड़ाने का फैसला लिया गया है। बहरहाल अब खुद प्रियंका गांधी ने यह बयान दिया है कि वे चुनाव लड़ने की जगह चुनाव प्रचार को ज्यादा प्राथमिकता देने जा रही हैं। राहुल गांधी की रायबरेली से उम्मीदवारी के बाद अब उत्तरप्रदेश में कांग्रेस पार्टी को नई ऊर्जा मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। आईएनडीआईए में शामिल समाजवादी पार्टी भी यही चाहती थी कि अमेठी और रायबरेली से गांधी परिवार का ही कोई सदस्य चुनाव लड़े। ताकि उत्तरप्रदेश में गठबंधन को मजबूती मिले। राहुल गांधी ने रायबरेली से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। यह भी हो सकता है कि वह अपने परिवार की इस परंपरागत रायबरेली संसदीय सीट से चुनाव जीत भी जाएं। किन्तु यदि वे रायबरेली के साथ ही वायनाड सीट से भी चुनाव जीत जाएंगे। तब यह सवाल पैदा होगा कि वे वायनाड सीट छोड़ेंगे या रायबरेली छोड़ेंगे। रही बात अमेठी की तो वहां अब स्मृति ईरानी की जीत और आसान हो गई है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में गहराती अंतर्कलह

एन लोकसभा चुनाव के बीच छत्तीसगढ़ कांग्रेस में गहराती अंतर्कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। प्रदेश में कई स्थानों पर असंतुष्ट कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने अपने साथ हुए अभद्र व्यवहार की शिकायत पार्टी हाईकमान से कर दी है। वे तो अपने साथ हुए दुर्व्यवहार से इस कदर आहत हुई हैं कि उन्होंने पार्टी छोड़ने की भी चेतावनी दे डाली थी। जबकि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने इसे मामूली घटना बताकर इस विवाद पर पर्दा डालने की कोशिश की थी। किन्तु राधिका खेड़ा की शिकायत को पार्टी हाईकमान ने गंभीरता से लिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस में चल रही। यह अंतर्कलह पार्टी के हित में नहीं है। क्योंकि इससे भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का मौका मिल गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राधिका खेड़ा के साथ हुए व्यवहार को अपमानजनक बताते हुए कांगेस पर निशाना साधा है और आरोप लगाया है कि यही कांगेस की संस्कृति है। जो कांग्रेस पार्टी अपनी ही महिला नेत्रियों का सम्मान नहीं कर सकती वह अन्य महिलाओं का सम्मान कैसे करेगी।

प्रेरक प्रसंग

पैसे का उपयोग

मानवता के पुजारी-महान् साहित्यकार डॉक्टर अल्बर्ट श्वाइत्जर अपने रोगियों के लिए एक अस्पताल बनवा रहे थे। वे स्वयं एक पहिए में जब कीलें ठोक रहे थे, तभी एक व्यक्ति आया और कहने लगा, मैं स्काट होम (स्वीडन की राजधानी) से आ रहा हूँ। आपको मैं

बीच में ही श्वाइत्जर महोदय ने उसे रोककर कहा, जरा आप इस पहिए को पकड़ लीजिए। कार्य शीघ्र हो जाएगा।

आगंतुक ने वैसा ही किया। जब कार्य समाप्त हुआ, तब डॉक्टर अल्बर्ट ने पूछा, कहिए कैसे पधारना हुआ ?

तब उस संदेशवाहक ने पुनः अपनी बात कहनी प्रारंभ की। ÷जी, मैं निवेदन ये कर रहा था कि आपको संसार का सर्वोत्तम पुरस्कार-नोबुल पुरस्कार दिया गया है। उसे स्टाक होम चलकर आप ग्रहण करें। यही निमंत्रण देने में आया हूँ।

डॉक्टर साहब ने पहले निर्णायक समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। फिर कहने लगे, आप बड़े अच्छे अवसर पर आए। इस पैसे का उपयोग इस अस्पताल में हो जाएगा।

आज का पंचांग



सूर्योदय : 05:43, सूर्यास्त : 06:53, चन्द्रोदय : 26:59, चन्द्रास्त :13:46,

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (काल), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : पूर्वाभाद्रपद, योग : इन्द्र, प्रथम करण : वणिज (12:40 तक), द्वितीय करण : विष्टि (23:24 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : कुम्भ, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:47 से 12:41, अमृत काल : 17:25 से 18:54, विजय मुहूर्त : 14:28 से 15:21, गोधूलि मुहूर्त : 18:54 से 19:16, सायाह्न सन्ध्या : 18:56 से 19:59, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:35, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:35 से 17:15, दुर्मुहूर्त : 08:13 से 09:06, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : पश्चिम, नक्षत्र शूल : दक्षिण (24:06 से), अग्निवास : पृथ्वी (23:24 तक), भद्रावास : मृत्यु (12:40 से 23:24), चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : क्रीड़ा में (23:24 से कैलाश पर)।



राजीव खंडेलवाल

समस्त विश्लेषक इसका आकलन अपने-अपने हिसाब से कर रहे हैं कि इसका परिणाम/दुष्परिणाम किस गठबंधन के पक्ष में होगा? परन्तु इसे मैं एक बिल्कुल अलग नजरिए से देखता हूं। आखिर "कम मतदान" का कारण क्या है? जब आप इस "कम मतदान" को "नोटा" के साथ मिलाकर देखेंगे तो आपके सामने एक नई चित्र भी सामने आयेगी। नोटा का उपयोग वे ही लोग करते हैं, जो वर्तमान राजनीतिक पार्टियों व उम्मीदवारों से परेशान हैं और संतुष्ट नहीं है। अतः वे स्वीकृत एक "काल्पनिक" उम्मीदवार नोटा जो उनकी "कल्पना" के शायद ज्यादा अनुकूल है, को वोट दे देते है, उस "नोटा" को जो कभी भी शासनारूढ़ ("शासन") नहीं हो सकता है। उच्चतम न्यायालय ने नोटा का अधिकार देते समय लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 79 (घ) का उल्लेख करते हुए इस तथ्य को रेखांकित किया कि जिस प्रकार नागरिकों को "मत देने" का अधिकार है, उसी प्रकार उन्हें किसी भी उम्मीदवार को "मत न देने" का भी अधिकार प्राप्त है। मतलब इस अधिकार की पूर्ति "नोटा" द्वारा अथवा मतदान केन्द्र में जाकर भी की जा सकती है। मतदान केन्द्र में मत देने न जाने वाले मतदाता का कारण व रूख लगभग वही होता है, जो मतदान केन्द्र में जाकर "नोटा" का बटन दबाते है। अवश्य कुछ लोग अन्य कारणों से शादी-ब्याह, बीमारी या बाहर रहने के कारण वोट डालने जाने से महरूम रह जाते है। इसलिए यदि वोटिंग व मत प्रतिशत बढ़ाना है, तो निश्चित रूप से नोटा को हटाना पड़ेगा। अथवा पुर्नगठन कर नोटा को प्रभावी व दंतयुक्त बनाना पड़ेगा, कैसे? जिसका उल्लेख मैंने पिछले लेख में किया है।

कांग्रेस मैच फिक्सिंग का आरोप पुनः सेल्फगोल!

सूरत-इंदौर चुनाव को लेकर आत्मघाती गोल की विशेषज्ञता कांग्रेस का बीजेपी पर "मैच फिक्सिंग" का आरोप तो बहुत ही बेहूदा, हास्यास्पद एवं पुनः "सेल्फगोल" है। "मैच फिक्सिंग" का मतलब भाजपा व कांग्रेस सहित समस्त अन्य दलीय व निर्दलीय उम्मीदवारों के बीच एक छिपी हुई सहमति का होना है। इसका शाब्दिक अर्थ मैच की उस अवस्था को कहते हैं, जिसमें मैच के नियमों का उल्लंघन करते हुए परिणाम पहले से ही निश्चित हो जाते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश का "एक्स" पर लिखते हुए कि यह 'लोकतंत्र पर खतरा है', इसे "मैच फिक्सिंग" करार दिया। इसका मतलब तो यही है कि यदि यह फिक्सिंग सिर्फ भाजपा व चुनाव आयोग के बीच हुई है, तो निर्विरोध चुनाव दूसरे उम्मीदवारों की उपस्थिति के कारण हो ही नहीं सकता था। अतः इस आरोप का दूसरा तार्किक अर्थ यह निकलता है कि इस मैच फिक्सिंग में नामांकन भरने वाली अन्य समस्त छोटी पार्टियां, निर्दलीय व कांग्रेस भी भाजपा के साथ शामिल हैं। यह तो सेल्फगोल है।

अदूरदर्शी नेतृत्व! बदहवास कांग्रेस।

इन मामलों को लेकर कांग्रेस नेतृत्व अपने कमजोरी को छुपाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर के भारतीय संविधान का हवाला देते समय यह भूल जाती है कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान में यह प्रावधान नहीं किया था कि सत्ता पक्ष, विपक्ष के सही उम्मीदवारों का चयन कर सही तरीके से फार्म भरवाए और चुनाव कराये, ताकि विश्व में भारतीय लोकतंत्र के "दिये" की "लौ" जलती हुए दिखती रहे। दोनों जगह स्थानापन्न (डमी, वैकल्पिक) उम्मीदवारों का भी नामांकन खारिज हो जाना, कांग्रेस नेतृत्व की तथाकथित रणनीति, गंभीरता व अदूरदर्शिता को ही दिखाता है? कांग्रेस की लगातार हो रही बदहवासी के मात्र उक्त मामले ही नहीं हैं, बल्कि पूर्व में वर्ष 2009 में राजकुमार पटेल (पूर्व सांसद) जिन्होंने विदिशा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव चिन्ह आवटन का पत्र बी 'फार्म' प्रस्तुत नहीं किया था और दूसरे भागीरथ प्रसाद (सेवा निवृत्त आएएस) जिन्हें वर्ष 2014 में कांग्रेस ने भिंड से अपना उम्मीदवार घोषित किया था, परन्तु उन्होंने कुछ सज्जनता बरतते हुए विश्वासघात न करते हुए टिकिट वापिस कर भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़कर जीते। ऐसी स्थिति से शायद ही देश की किसी अन्य छोटी अथवा बड़ी राजनैतिक पार्टी को गुजरना पड़ा हो।

चुनावी राजनीति की "नई प्रणाली का ईजाद"!

लोकसभा के इसी आम चुनाव में मध्यप्रदेश के खजुराहो संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन एक जगह "हस्ताक्षर न होने" के कारण निरस्त कर दिया गया, वहां भी षड्यंत्र की "बू" की अपुष्ट खबरें हैं। अभी तीसरे दौर के चुनाव में इंदौर से कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम से भी नामांकन वापिस करवा कर सूरत का इतिहास दोहराने का आंशिक प्रयास अवश्य हुआ। मतलब कांग्रेस के उम्मीदवार ने फर्म तो वापस ले लिया। परंतु अन्य समस्त उम्मीदवारों के फॉर्म वापस न लेने

अथवा न हो पाने के कारण इंदौर 'सूरत' (निर्विरोध चुनाव की स्थिति) नहीं बन पाया। अभी तो सूरत बनने व बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है? पश्चिम बंगाल की तेज तर्रार नेत्री मुख्यमंत्री ममता का बंगाल में 'खेला' होगा कि नहीं, यह देखना तो अभी शेष है, परन्तु उसी बंगाल के प्रभारी रहे व ममता बनर्जी को सफलता पूर्वक चुनौती (पहली बार लोकसभा की 18 सीटे भाजपा ने जीती थी) देने वाले कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय ने अपने घर मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में बड़ा "खेला" कर चौका दिया। कांग्रेस के अक्षय कांति बम कांग्रेस के लिए फुस्सी बम होकर न केवल भाजपा के लिए 'बम' फोड़ा है, बल्कि मोदी की स्वच्छता अभियान के पिछले 7 साल से प्रथम रहने वाला इंदौर व 2023 में इंदौर के साथ संयुक्त रूप से सूरत शहर ने प्रथम रहकर राजनीति में भी वही "स्वच्छता" को बनाए रखने के लिए एक बम फोड़ कर इंदौर व सूरत के कांग्रेस के कचरे को हटाकर "कचरा से ऊर्जा बनाने" वाली अपनी मशीन में डालकर नई ऊर्जा बनाकर/पाकर मोदी के कांग्रेस मुक्त भारत की सोच में भी महत्वपूर्ण योगदान किया है।

जन प्रतिनिधियों को "बंधक" किये जाने की राजनीति को बढ़ावा?

सूरत के बाद इंदौर की घटना ने "कांग्रेस की सूरत को बदसूरत कर कालिक अवश्य पोत दी" है। परंतु अरूणाचल से प्रारंभ होकर खजुराहो, सूरत व इंदौर तक की लगभग एक ही तरह की नई चुनावी पद्धति की घटनाओं की श्रृखंला ने भविष्य की नई तरह की चुनावी राजनीति का संकेत अवश्य दे दिया है। इस नई नीति में पूर्व में चुने गये जन प्रतिनिधियों के साथ आज चुने जाने वाले उम्मीदवार को बंधक बनाने की नीति को बढ़ावा देने के साथ इसे होटल और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने की नई नीति भी कह सकते हैं। वह इसलिए की अब राजनीतिक पार्टियों को अपने उम्मीदवारों के साथ-साथ प्रस्तावकों को भी नामांकन वापसी की तारीख तक "होटल" में रखना या फिर बाहर घूमने फिरने भेजना होगा। ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार अभी तक की राजनीति में, राजनीतिक दलों के टूटने पर या विधानसभा में बहुमत के प्रश्न पर जब बहुमत के आंकड़े "छीण" होते हैं, विधायकों को होटल में रखना या सैर सपाटे के लिए बाहर घूमने भेज देने की राजनीति पिछले कुछ समय से धड़ल्ले से सफलतापूर्वक चल रही है। देश में कुल 4126 विधानसभा क्षेत्र व 781 सांसद है। निर्दलीय उम्मीदवार को 10 प्रस्तावक लगते है। अब आप गणना कर लीजिए इनका खडे होने वाले उम्मीदवारों व उनके प्रस्तावकों की संख्या मिलाकर उनका कुल खर्चा। इस "नई नवेली नीति" का नई नवेली शादी के जोड़े का स्वागत करने के समान की बजाय, इस नीति के लोकतंत्र पर पड़ने वाले परिणाम पर गंभीरतापूर्वक विचार व आकलन करना आवश्यक हो गया है।

हो रहे कम मतदान से "लाभ-हानि" के आकलन से इतर "आकलन"!

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा संसदीय चुनावी महाकुंभ के अभी दोनों फेसों के मतदान पूर्ण हो चुके हैं, जहां कुल 190 (लगभग एक तिहाई) लोकसभा क्षेत्र का भाग्य सील बंद हो गया है। इन दोनों फेसों में मतदान पिछले वर्ष 2019 की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत कम हुआ है। तथापि अभी-अभी चुनाव आयोग द्वारा जारी नवीनतम अधिकृत आकडों के अनुसार यह अंतर कम होकर लगभग 3 प्रतिशत हो गया है।

आज का इतिहास

4 मई 1799 में आज ही के दिन मैसूर के टीपू सुल्तान की श्रीरंगपत्तनम की लड़ाई में मौत हो गई थी। 1854 में 4 मई के दिन ही भारत की पहली डाक टिकट को औपचारिक तौर पर जारी किया गया। 1896 में आज ही के दिन लंदन डेली मेल का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ था। 1924 में आज ही के दिन पेरिस में आठवें ओलंपिक खेलों की शुरुआत हुई थी। 1945 में 4 मई के दिन ही जर्मनी की सेना ने नीदरलैंड, डेनमार्क और नार्वे में आत्मसमर्पण किया था। 1959 में आज ही के दिन पहले ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ था। 1975 में आज ही के दिन 'द किड' और 'ग्रेट डिक्टेटर' जैसी मूक फिल्मों के स्टार चार्ली चैपलिन को बकिंघम पैलेस में नाइट की उपाधि प्रदान की गई थी। 1979 में मार्गेरेट थैचर को ब्रिटेन की प्राइम मिनिस्टर चुना गया था और पूरे यूरोप में वह यह पद संभालने वाली पहली महिला थीं। 1980 में आज ही के दिन जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति नेता रॉबर्ट मुगाबे ने चुनाव में भारी जीत हासिल की और प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बने थे। 1980 में आज ही के दिन को कोल माइंस डे के तौर पर मनाने की घोषणा की गई थी। 1983 में आज ही के दिन चीन ने परमाणु परीक्षण किया था। 2006 में आज ही के दिन नेपाल के माओवादी विद्रोहियों ने देश की नई सरकार के साथ शांति वार्ता में भाग लेने पर सहमति जताई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

वक्त और कद्र भी



वक्त और कद्र भी अजीब शह हैं , जो एक म्यान में रहना ही नहीं चाहते। जिसे वक्त दो वह कद्र नहीं करता, जिसकी कद्र करो ,उसके पास आपके लिए वक्त नहीं। बहुत किस्मत वाले होते हैं जिसकी राह में वक्त और कद्र दोनो अठखेलियां करते हैं। इसीलिए कहते है जिंदगी हर कदम इक नई जंग है,जीत जायेंगे हम गर तू संग है।। – **मीनू वोहरा**

बहुत ही शान से मजदूरी

बहुत ही शान से मजदूरी करने घर से निकला हूँ हो' कितनी तेज सिर पर धूप लेकिन मैं न डरता हूँ मिला जो कुछ कमाई से उसे लाकर दिया माँ को जतन से पालती मुझको मैं माँ के दिल का टुकड़ा हूँ

– **संजय कुमार गिरि**

खास पाती

कोवीशिल्ड के साइड इफेक्ट्स से

कोवीशिल्ड के साइड इफेक्ट्स से कोई लुढ़के न लुढ़के लेकिन टटपुँजिया होशियारचंद कम्यूनिटी के चम्मचे और गुलाम खुशी से जरूर मर जायेंगे। इन बेशर्मो को बोलो यह वैक्सीन तब आई थी जब दुनिया डर कर वैसे भी मर रही थी।वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बना कर तब सबको इस डर से निकाला। यह तो ऐसे नाच रहे हैं जैसे कोवीशिल्ड पर विवाद इनके फुफा की शादी है। – **दिव्या राकेश शर्मा**

आज भी हैं तन पर,घाव ताजे सदियों के

आज भी हैं तन पर,घाव ताजे सदियों के। किन्तु निम्नता का विष,मूक होके पीना है।। पाण्डु वर्ण नत-शीश,दग्ध-नग्न पाँव लिए। क्लान्त मन सोच रहा, यह कैसा जीना है? क्या करेगी तप्त तन,ग्रीष्म की तपन यह। मनुज ने मनुज का, सुख जब छीना है।। उपजाता है श्रम से,राशि धन-धान्य की वो। बहा सदा परार्थ ही, श्रमिक - पसीना है।।

– **शुभा शुक्ला मिश्रा**

समर भूमि में सिंह है, गर्दभ चलते चाल

समर भूमि में सिंह है, गर्दभ चलते चाल। कैसे हों हम भी सफल ,सोंच बिछायें जाल ।। डूबी नौका देखकर, मूषक हैं हैरान। सोच सोच परिणाम निज ,झूंठी मारें शान ।। नेक किया नहि काम है, किसी क्षेत्र में एक। कहते फिर से फिर रहे, हमें जिताओ नेंक ।। प्रतिनिधि चुनने का समय, फिर पहुंचा है आंन । ऐसे प्रतिनिधि को चुनें, बढ़े तिहारी शान।।

– **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

चिटिक खेत अउ भर्री नहीं, हमला सफ्फो

चिटिक खेत अउ भर्री नहीं, हमला सफ्फो खार चाही हमर हाथ हे जबड़ कमइया, धरती सरी चतवार चाही... हमर पेट ह पोचवा हे अउ, तोर कोठी म धान सरत हे हमरे खातिर तोर गाल ह, बोइर कस बम लाल होवत हे गाय-गरु कस पसिया नहीं, अब लेवना के लगवार चाही.... तन बर फरिया-चेंदरी नहीं, अउ तैं कहिथस जाड़ भागगे घर म भूरीभांग नहीं तब, सुख के कइसे उमर बाढगे चिरहा कमरा अउ खुमरी नहीं, अब सेटर के भरमार चाही... ठाढ़ चिरागे दूनों पांव ह, जरत मंझनिया के सेती हमर देंह ह होगे हे का, कइसे रे तोरेच पुरती अब बेंवई परत ले साहन नहीं, हमला सुख-सत्कार चाही... सुन-सुन बोली कान पिरागे, आश्वासन के धार बोहागे घुडुर-घाड़र लबरा बादर कस, अब तो तोरो दिन सिरागे हमला आंसू कस बूंद नहीं, अब महानदी कस धार चाही। – **सुशील भोले**

वो भूलने की चाहत, हमारी है न उनकी

वो भूलने की चाहत, हमारी है न उनकी बस पार्टी बदल जाएं तो बात बन जाएं। जो गलतियों का 'पहाड़' सीना ताने खड़ा हैं... जो सिर पर छाव सा है कब अंधकार बन जाएं वो भी चुनाव तेरा है । जिनकी जवानी धूप सी खर्च हो चुकी हो! सच तो ये है उनका बुढ़ापा भी बिकता है। संघर्ष से पहला और अंतिम आनंद है कोई नहीं? फिर भी जीवन का हर लम्हा ही बिक जाएं तो उसमें भी आनंद तेरा है... – **जय बरूआ**

किसी के दिल में बसा घर भी मैंने देखा

किसी के दिल में बसा घर भी मैंने देखा है फिर उसकी याद में मर कर भी मैंने देखा है रखे सहेज के वो शख्स चाहिए मुझको हरेक लम्हा बिखर कर भी मैंने देखा है – **ममता लड़ीवाल**

QUIZ TIME

1) बॉबबिली वीणा जिसे सरस्वती वीणा या एकंद वीणा भी कहा जाता है, कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में उपयोग किए जाने वाले एक बड़े टुकड़े वाले स्ट्रिंग उपकरण हैं। यह किससे बनता है?

2) पाली भाषा में निगण्ठ नटपुत किसे कहा गया है?

3) शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?

4) हाल ही में समाचारों में देखी गई सिएरा माद्रे क्या है?

5) हाल ही में भारतीय वैक्सीन निर्माता संघ का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जैकवुड (2) महावीर (3) राजस्थान (4) लैंडिंग जहाज (5) कृष्णा एम एला

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपका भविष्य बनाने में सहयोग करेगा सेहत में आज कल की अपेक्षा सुधार अनुभव होगा।

वृषः आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। सेहत छोटी मोटी बातो को छोड़ लगभग सामान्य ही रहेगी स्वास्थ्य की चिंता भी आज कम ही करेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए मिला जुला फल देगा सेहत आज ठीक ठाक ही रहेगी आर्थिक विषयो की परवाह भी आज कम ही करेंगे।

कर्कः आज दिन के आरंभिक भाग में सेहत चुस्त रहेगी लेकिन मन मे कोई चिंता भी बनी रहेगी।

सिंहः आज का दिन बीते दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है लेकिन इसको बेहतर बनाने के लिये दिन के आरम्भ से ही स्वभाव में नरमी और जिद को त्यागना पड़ेगा

कन्याः आज दिन के आरंभिक भाग में पेट संबंधित समस्या परेशान करेगी पूर्व में बरती अनियमितता के कारण आज मध्यान तक सेहत में उतार चढ़ाव लगा रहेगा।

तुलाः आज दिन के आरंभिक भाग में आर्थिक एवं पारिवारिक कारणों से मन मे बेचैनी बानी रहेगी सेहत भी थोड़ी नरम रहने के कारण कार्यो में ढील देंगे।

वृश्चिकः आज दिन आरम्भ में आपके स्वभाव में आलस्य भरा रहेगा कार्य एकदम सर पर आने पर ही करेंगे। यात्रा ये किसी न किसी रूप में लाभ होगा।

धनुः आज के दिन का आरंभ शांति प्रद रहेगा लेकिन जैसे जैसे दिन चढ़ेगा घरेलू एवं व्यावसायिक उलझने भी बढ़ती जाएंगी।

मकरः आज के दिन आप मन ही मन किसी बात को लेकर चिंतित रहेंगे लेकिन अन्य लोगो के लिये अच्छे मार्गदर्शक सिद्ध होंगे।

कुंभः आज का दिन आपके लिये बीते दिनों से अच्छा रहने वाला है।

मीनः आज दिन के आरंभिक भाग में सेहत प्रतिकूल रहेगी छाती से निचले हिस्से में गड़बड़ रहने के कारण मानसिक तनाव बनेगा ।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -046

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, दाढ़ी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (ब.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला, विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

1			2		3		4	
		5						
6					7	8		9
				10				
	11					12		
13				14	14ए			
		15				16		
						17		18
	19				20			

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 045 का हल

खा	म	खां			ई			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		दी		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नी	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

■ न्यूज गैलरी

सूने मकान से 2 लाख से अधिक रकम पार

रायपुर/नवप्रदेश। छोटा बोरियाखुर्द टिकरापारा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 2 लाख 58500 रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रितेश्वरी यादव 36 वर्ष छोटा बोरियाखुर्द टिकरापारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने परिवार के साथ 13 अप्रैल को बाहर गई थी। जब वह 15 अप्रैल को वापस आई तो घर का ताला टूटा हुआ था और आलमारी में रखे नकदी 2 लाख 58500 रुपए गायब था। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कपड़ा मार्केट से बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। कपड़ा मार्केट गेट नंबर 3 के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमचंद साहू 26 वर्ष ग्राम फरहदा खरोरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 के 1762 से पंडरी कपड़ा मार्केट आया था, जहां वह अपनी बाइक को गेट नंबर 3 के पास खड़ी किया था। जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी किए गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। राजेन्द्र नगर पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 नग मोबाइल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरडीए बिल्डिंग के पीछे न्यू राजेन्द्र नगर में दबिश देकर आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते आरोपी किशन मतलानी 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 15 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने पूर्णिमा लॉज के पास सरेआम शराब पीते आरोपी उत्तम चुरहे 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी रोशन ताण्डी 27 वर्ष, मिथलेश तिवारी 31 वर्ष व राजेन्द्र यादव 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी नितेश ध्रुव 32 वर्ष, विधानसभा पुलिस ने आरोपी लछन दास 35 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी प्रेम साहू 26 वर्ष व खोलबाहरा गेंदले 65 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी चंदन गायकवाड 36 वर्ष, आमानाका पुलिस ने आरोपी गुरमेल सिंह 32 वर्ष, रामेश्वर राजभर 32 वर्ष व बाबूलाल प्रजापति 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। ।

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। खमतराई एवं खरोरा पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 33 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने रिंग रोड नंबर 2 के पास भनपुरी में आरोपी नोहर खुटे 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 15 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम कोरासी में आरोपी बरातू राम 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

4 मई को आईटी कॉलेज से कटघोरा भेजी जायेगी ईवीएम

कोरबा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले में मतदान कराने आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। मतदान दलों को 06 मई को सामग्री का वितरण किया जायेगा। चूंकि इस वर्ष कटघोरा तथा पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को सामग्री का वितरण शासकीय मुकुटधर महाविद्यालय कटघोरा से किया जायेगा। इसके मद्देनजर 04 मई को आईटी कालेज स्थित स्ट्रांग रूम से कटघोरा के मुकुटधर कॉलेज के अस्थाई स्ट्रांग रूम में रखी जायेगी।

रायगढ़-राजनांदगांव समेत छत्तीसगढ़ के 4 जिलों में लू का अलर्ट

2-3 डिग्री बढ़ सकता है तापमान;10 जिलों में 40 डिग्री पार; रायगढ़ में पारा सबसे ऊपर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में रायगढ़, जांजगीर, राजनांदगांव और कांकेर जिले में लू (हीट वेव) का अलर्ट जारी किया है। वहीं, अगले 4 दिन में अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ने का अनुमान जताया है।

गुरुवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री रायगढ़ में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री बलरामपुर में रिकॉर्ड किया गया है। प्रदेश के के 10 जिलों का तापमान 40 डिग्री से ऊपर है।

3-4 दिन हीट वेव के आसार

मई में मध्य छत्तीसगढ़ में तापमान 43 से 44 डिग्री तक जाने का ट्रेंड है। इस महीने तापमान इतना ही रहने का अनुमान है। हीट वेव यानी लू के दिन भी तीन से चार दिन ही रहेंगे। वो भी केवल मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में। रायपुर में भी लू चलने के आसार हैं, लेकिन इसके दिन और कम हो सकते हैं।

5 मई से राज्य में सिस्टम सक्रिय

5 मई से राज्य में सिस्टम सक्रिय हो रहा है। इसके असर से 5 और 6 मई को सरगुजा और बस्तर संभाग के कुछ इलाकों में बारिश-बौछारें पड़ सकती हैं। इससे तापमान में कमी आएगी, लेकिन सिस्टम का असर ज्यादा समय नहीं रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि बादल छंटते ही तापमान 4 से 5 डिग्री तक बढ़ सकता है।

24 घंटे में 1 डिग्री गिरा पारा

सोमवार से राजधानी सहित पूरे प्रदेश में तेज गर्मी पड़ रही है। बुधवार को रायपुर में पारा 42 के पार था, जबकि रायगढ़ में 44 के करीब था। रायपुर में गुरुवार को तापमान करीब 1 डिग्री गिरकर 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य में दूसरे दिन भी सर्वाधिक तापमान रायगढ़ में 43 रहा। रायपुर में आज दिन का अधिकतम तापमान 41 डिग्री और रात का पारा 24 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

शहरों का अधिकतम तापमान

शहर	अधिकतम तापमान
रायपुर	41.4 डिग्री
रायपुर (माना)	40.5 डिग्री
बिलासपुर	40.4 डिग्री
अंबिकापुर	37.8 डिग्री
पेंड्रा	37.8 डिग्री
जगदलपुर	39.4 डिग्री
राजनांदगांव	42 डिग्री
दुर्ग	42.4

कब चलती है हीट वेव

मौसम विभाग के मुताबिक, हीटवेव तब चलती है जब मैदानी इलाकों में टेंपरेचर 40 डिग्री, समुद्र तट के इलाकों में 37 डिग्री और पहाड़ी इलाकों में 30 डिग्री हो जाए। सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने पर हीट वेव और 6.4 डिग्री का इजाफा होने पर सीवियर हीट वेव चलती है।

गर्मी का दिखने लगा असर, शहर के वार्डों में पेयजल आपूर्ति गड़बड़ाई

टैंकरों से करनी पड़ रही पानी की सप्लाई

खैरागढ़ /नवप्रदेश। प्रचंड होती गर्मी का व्यापक असर शहर में पेयजल व्यवस्था में पड़ने लगी है। औसतन रोजाना दर्जन भर से अधिक टैंकरों से शहर के वार्डो में पेयजल व्यवस्था बनाई जा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण वार्डों में पेयजल आपूर्ति करने वाले बोर में जल स्तर घटना, घरों में लगे नलों में लो प्रेशर, कम समय तक ही पानी मिलना उसकी भी रफ्तार कम होना है। गर्मी की शुरूआत के बाद हालंकि बीच बीच मे मौसम बदलते रहा है। लेकिन मौसम खुलने के बाद शहर के वार्डो मे जलसंकट गहराता जा रहा है। लो प्रेशर वाले वार्डो मे पर्याप्त समय तक नलो से जलापूर्ति नही हो पा रही है। आधा दर्जन वार्डो मे हर साल गर्मी मे जलसंकट की नौबत आती है। लेकिन शहर मे जलसंकट से निपटने बनाए गए प्लान के अब तक धरातल पर नहीं उतरने से पालिका प्रशासन की परेशानी बढ़ गई है।

बोर से सप्लाई के भरोसे

शहर भर में पेयजल आपूर्ति सभी वार्डो में लगाए गए बोर के माध्यम से होती है। शहर के बीस वार्डों में 22 से अधिक बोर से पाइपलाइन मे सप्लाई की जाती है। इसके लिए शहर के दाउचौरा, पिपरिया, सिविललाइन, किलापारा, अमलीपारा गंजीपारा, अमलीडीह, धनेली मे पानीटंकी का निर्माण भी किया गया है। लो प्रेशर के चलते टंकिया धीमी गति से भर रही है। पेयजल आपूर्ति के दौरान इन टंकियों से सप्लाई की जाने वाली पानी आधे घंटे से कम समय मे खत्म हो रही है। बोर से सीधे सप्लाई मे भी लो प्रेशर, जलस्तर घटने के कारण पर्याप्त पानी नही आने की समस्या आम हो गई है। इसके कारण शहर के कई वार्डो मे गर्मी के दौरान ही पेयजल संकट गहराने लगा है।

दिनभर पहुँच रहे टैंकर : वार्डो में पेयजल संकट से निपटने पालिका पानी टैंकरों के भरोसे चल रही है। हालांकि पालिका के पास पर्याप्त मात्रा में पानी टैंकर मौजूद हैं। लेकिन शहर के वार्डों में सुबह से पानी टैंकरों से व्यवस्था बनाने का काम दोपहर और शाम तक चल रहा है। कई वार्डों में पेयजल संकट गहराने के बाद वार्डवासियों को पानी टैंकरों का इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे वार्डों में पानी टैंकर पहुँचने के बाद समय से पहले ही खत्म हो रहा है। दूसरे टैंकर आने से पहले पानी के लिए लोगो को हलाकान होना पड़ रहा है।

एनीकट सूखे, नीचे उतरा जलस्तर

शहर मे गर्मी के दौरान भी जल स्तर को बनाए रखने तीन एनीकट का निर्माण किया गया है। इसमे राजफेमली वार्ड स्थित पिपरिया नदी, दाउचौरा के मुस्का नदी और धरमपूरा मे आमनेर नदी पर एनीकट बनाकर पानी का बड़ा स्टोरेज किया जाता है। एनीकटों के निर्माण के बाद से अब तक इनकी मरम्मत और सही रखरखाव नही होने के कारण एनीकट मे बारिश के बाद जमा किया गया पानी ठंड के दौरान ही खत्म हो जाता है। गर्मी के पहले इन एनीकटों मे नाममात्र पानी बचा था। जो अब लगभग सूख चुका है। जिसके चलते शहर में

पर्याप्त व्यवस्था बना रहे

"शहर में पेयजल संकट जैसी कोई स्थिति नही है। कही फाल्ट आने पर पेयजल आपूर्ति बाधित हो सकती है। सभी बोर बेहतर चल रहे है। जहां शिकायत आती है वहाँ पर्याप्त पानी टैंकरों से पेयजल आपूर्ति लगातार की जा रही है। विद्यूत सहित अन्य तकनीकी खराबी के कारण कूछ जगह बोर से आपूर्ति प्रभावित होती है।

प्रमोद शुक्ला,
सीएमओ नगरपालिका खैरागढ़

अमलीडीह कला में 12 वीं के छात्र की टंगिया से हत्या

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के अमलीडीह कला गांव में दिनदहाड़े 12वीं कक्षा के छात्र की नृशंस हत्या से गांव मे सनसनी फैल गई है। घटना शुक्रवार सुबह 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। छुईखदान थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम अमलीडीह कला निवासी 12 वीं के छात्र देवप्रकाश वर्मा पिता लेखराम 18 वर्ष की उसके घर में ही टंगिया मार कर हत्या कर दी गई। घटना के दौरान घर में कोई भी परिजन मौजूद नहीं था। मृतक के माता पिता काम पर गए थे। बड़ी बहन मनरेगा कार्य में अपनी हाजिरी लगाने गई थी। जबकि दूसरी बहन नहाने गई थी। घटना के दौरान छात्र देवप्रकाश घर में अकेला था। छोटी बहन माया नहाकर घर वापस पहुँची तो खाट पर अपने भाई की लाश देखकर हतप्रभ रह गई। चीखपुकार सुन कर मौके पर पहुँचे आसपास के ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मृतक के माता पिता को दी। ग्रामीणों बताया कि मृतक छात्र देवप्रकाश ने हालही मे 12 वीं की परीक्षा दिलाई है। हत्या किस उददेश्य और क्यों की गई इसको लेकर परिजन और ग्रामीण भी अंजान हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुँची छुईखदान पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामला दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में दुखद घटना घटी है. तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई है. देर शाम जब बच्चे अपने घर नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन शुरू की गई. इस दौरान दोनों का शव तालाब में बरामद हुआ. मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह मामला दशरंगपुर चौकी का है. जानकारी के अनुसार, दशरंगपुर गांव में गुरुवार की शाम दो बच्चे तालाब नहाने गए थे. इस दौरान अधिक गहराई में जाने से दोनों की मौत हो गई. देर शाम दोनों बच्चे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की. तभी पास के तालाब किनारे दोनों बच्चों के कपड़े रखे हुए मिले. वहीं घटना की सूचना पुलिस को दी गई. जिसके बाद तालाब में देर रात खोजबीन शुरू की गई तो तालाब से दोनों बच्चों का शव बरामद हुआ.

नीतीश दीवान अस्पताल में, ईओडब्ल्यू को प्रोटक्शन वारंट के लिए करना होगा इंतजार

महादेव सट्आ एप घोटाला मामला

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव सट्टा एप घोटाला मामले में जांच कर रही ईओडब्लू को नीतीश दीवान की पुलिस रिमांड नहीं मिल पाई है। एसीबी स्पेशल कोर्ट से केंद्रीय जेल रायपुर को प्रोडक्शन वारंट जारी किया गया था। नीतीश दीवान को इस प्रोडक्शन वारंट के आधार पर गुरुवार 2 मई को एसीबी स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाना था। कोर्ट से जारी प्रोडक्शन वारंट पर केंद्रीय जेल ने नीतीश दीवान के रायपुर ज़िला अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी है। रणनीति के तहत ईओडब्लू ने इस सूचना के बाद कोर्ट में कोई आग्रह नहीं किया है। महादेव सट्टा एप घोटाला मामले में जाँच कर रही राज्य की आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने प्रोडक्शन वारंट पर जेल की ओर से आई सूचना के बाद रणनीति के तहत ही नीतीश दीवान को लेकर कोर्ट में अगला विधिक आवेदन नहीं लगाया है। ईओडब्लू को यदि कोर्ट से रिमांड मिलता तो उसकी अधिकतम अवधि चौदह दिन की ही होती, अब जबकि नीतीश दीवान अस्पताल में भर्ती है तो उससे पूछताछ नहीं होती, और 14 दिन की अधिकतम रिमांड अवधि के दिन व्यर्थ में खर्च होते। सूत्रों के अनुसार ईओडब्लू नीतीश दीवान को लेकर फिर से कोर्ट में प्रोडक्शन वारंट जारी करने का आवेदन देगी और जब कोर्ट में पेश किया जाएगा तो गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन कोर्ट में पेश करेगी। लेकिन इसके पहले ईओडब्लू सुनिश्चित करेगी कि, नीतीश दीवान अस्पताल से वापस जेल पहुँच गया हो। ताकि ईओडब्लू को पूछताछ के लिए मिलने वाली मियाद का पूरा लाभ मिल सके।

दंपति घर में बना रही थी महुआ शराब, गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायधानी पुलिस ने एक ऐसे दंपति को पकड़ा है, जो घर के अंदर तलघर में छुपकर महुआ शराब बनाते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से भारी मात्रा में देशी शराब बरामद किया गया है।

दरअसल, एसपी रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे के व्यापारियों पर अंकुश लगाने प्रहार अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत ग्राम जाली में भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने की सूचना पर रेड कार्रवाई की गई। ग्राम जाली निवासी दीपक कुमार नेताम ऊर्फ बाबा अपने घर के कमरे में तलघर बनाकर पत्नी पूजा नेताम के साथ शराब बनाते हुये पकड़ाया। मकान के तलघर से भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब, बर्तन व महुआ लहान मिला। पूछताछ करने पर उनके द्वारा शराब निर्माण कर दूर दूर के कई गॉवों में शराब सप्लाई करने की बात कही। मौके से शराब बनाने वाले दंपति से भारी मात्रा में शराब, महुआ लहान, व शराब जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर उक्त आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्रवाई में प्रशि.आईपीएस अजय कुमार थाना प्रभारी थाना रतनपुर, प्र.आर. सत्यप्रकाश यादव, बलदेव सिंह, आर. नंदकुमार यादव, संजय यादव, म.आर. अनिषा कश्यप का विशेष योगदान रहा। आचार संहिता लागू होने से अब तक प्रहार अभियान के तहत पूरे जिले में 5000 लीटर से भी अधिक अवैध शराब ज़प्त की जा चुकी है जिस में थाना रतनपुर की कार्रवाई सर्वाधिक रही है।

गिरफ्तार आरोपी

1. दीपक कुमार नेताम ऊर्फ बाबा पिता लखनलाल नेताम उम्र 35 वर्ष,
2. पूजा नेताम पति दीपक नेताम उम्र 29 वर्ष दोनों निवासी ग्राम जाली थाना रतनपुर जिला बिलासपुर।

प्रथम पृष्ठ का शेष

प्रदेश में गर्मी का रौद्र रूप

जबलपुर में 37.7 डिग्री और उज्जैन में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के जारी पूर्वा अनुमान के अनुसार ग्वालियर, छतरपुर, नरसिंहपुर, निवाड़ी, मैहर, टीकमगड़, भिंड, दतिया, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, मुरैना, राजगड़, रायसेन, शाजापुर, श्योपुरकलां, शिवपुरी और विदिशा जिलों में तापमान 45 डिग्री या इससे ज्यादा रहने का अनुमान है। राजधानी भोपाल में भी 44 से 45 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।

आरक्षण खत्म करने की साजिश

चुप है। इंडिया समूह के सभी साथी वोट जिहाद मामले पर चुप हैं।

जयश्री राम के जयकारे के बीच श्री मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रायबरेली से उम्मीदवारी पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि जूनियर गांधी अब वायनाड सीट के अलावा रायबरेली से भी चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा , चार जून के बाद शहजादा फिर से एक नये निर्वाचन क्षेत्र की तलाश करेंगे, जैसा कि परिवार के एक अन्य वरिष्ठ सदस्य ने किया था और उन्हें आखिरी बार राजस्थान से राज्यसभा सीट मिली थी। मैंने पहले ही कहा था कि शहजादा वायनाड में हार जायेंगे और जैसे ही वायनाड में मतदान खत्म होगा, वह तीसरी सीट की तलाश शुरू कर देंगे। उनके समर्थक कह रहे थे कि वह अमेठी आएंगे। लेकिन शहजादा अमेठी से इतने डरे हुए हैं कि वह भाग गये।

चौथे चरण में 96 सीटों पर

वहीं तेलंगाना में ही संसदीय क्षेत्र 13-नलगोंडा और 14-भोंगीर में 114-114 नामांकन पत्र दायर किये गए। चौथे चरण में संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।

संविधान की प्रस्तावना

यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा की नयी सरकार संविधान की प्रस्तावना से वे शब्द हटाकर उसे पुनः मूल रूप में लाएगी, श्री गौतम ने कहा, हां, पुराने रूप में लाएंगे। सेकुलर शब्द नहीं होना चाहिए। सेकुलर शब्द डालने से बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की आत्मा को ठेस लगी थी। वह नहीं चाहते थे कि संविधान की प्रस्तावना में सेकुलर शब्द हो।

भाजपा महासचिव ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता जवाहरलाल नेहरू ने डॉ अंबेडकर और उनके बनाए संविधान का शुरू से ही विरोध किया था। डॉ अंबेडकर के पंडित नेहरू से 36 का आंकड़ा था। पंडित नेहरू ने चुनाव में डॉ अंबेडकर को हराने के लिए काम किया।

ईरान और इजरायल की

उन्होंने कहा, 'हम क्षेत्र में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हमने यह भी देखा है कि ईरान और इजरायल ने कई दिनों से अपना हवाई क्षेत्र खोल दिया है। हम भारतीय नागरिकों को इन देशों की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह देते हैं।'

गौरतलब है कि 12 अप्रैल को विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को परामर्श जारी किया था। इसमें कहा गया कि वे तत्कालीन स्थिति को देखते हुए ईरान और इजरायल की यात्रा नहीं करें और जो लोग वहां पहले से ही हैं, वे अत्यधिक सावधानी रखें। विदेश मंत्रालय ने कहा था, 'हम क्षेत्र में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हमने यह भी देखा है कि ईरान और इजराइल ने कई दिनों से अपना हवाई क्षेत्र खोल दिया है। हम भारतीय नागरिकों को इन देशों की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह देते हैं।'

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सिसोदिया

जारी रखा जाना चाहिये। ईडी की ओर से पेश विशेष वकील ज़ोहेब हुसैन ने कहा कि यदि उप-मुख्यमंत्री को उनकी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत देने वाले निचली अदालत के आदेश को जारी रखा जाता है, तो उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है।

श्री सिसौदिया ने 30 अप्रैल को सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में उनकी दूसरी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुये उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

इससे पहले ईडी और सीबीआई दोनों मामलों में निचली अदालत, उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने श्री सिसोदिया की याचिका को खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने जमानत मंजूर करने से इनकार के खिलाफ श्री सिसोदिया की समीक्षा याचिका भी खारिज कर दी थी। उनकी क्यूरेटिव याचिका भी खारिज कर दी गयी थी।

राहुल ने रायबरेली से

होगा, उनके लिए नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख है। रायबरेली और अमेठी सीटों पर मतदान 20 मई को ही होगा। मतगणना चार जून को होगी।

भारत से छिना नंबर-1

है। इनके अलावा टेस्ट रैंकिंग में चौथे से नौवें पायदान तक किसी तरह का कोई बदलाव नहीं हुआ है। साउथ अफ्रीका (103) चौथे, न्यूजीलैंड (96) 5वें, पाकिस्तान (89) 6ठे, श्रीलंका (83) 7वें, वेस्टइंडीज (82) 8वें और बांग्लादेश (53) 9वें के स्थान पर है।

सभी टीमों के मई 2021 के बाद के परफॉर्मेंस का असर ताजा रैंकिंग पर पड़ा है। मई 2021 और मई 2023 के बीच के सभी रिजल्ट को 50 प्रतिशत महत्व दिया गया है, वहीं अगले 12 महीनों में - जिसमें ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीत भी शामिल है - उसे 100 प्रतिशत महत्व दिया गया है।

वनडे में भारत की बादशाहत

हालांकि टेस्ट टीम में नंबर-1 का ताज खोने वाली टीम इंडिया की लिमिटेड ओवर क्रिकेट के दोनों फॉर्मेट में बादशाहत बरकरार है। बात वनडे रैंकिंग की करें तो ताजा अपडेट के बाद भारत 122 रेटिंग्स के साथ पहले तो ऑस्ट्रेलिया 116 रेटिंग्स के साथ दूसरे पायदान पर है। भारत के पास 6 रेटिंग्स की बढ़त है। इस सूची में साउथ अफ्रीका 112 रेटिंग्स के साथ ऑस्ट्रेलिया के करीब पहुंच गई है, वह तीसरे पायदान पर है।

न्यूज गैलरी

डॉ. गंभीर को गुरुद्वारा सभा ने किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद में गुरु अर्जुन देव के पावन प्रकाश पूरब पर भारत गौरव रत्न श्री सम्मान से सम्मानित डॉ. चरनजीत सिंह गंभीर का सम्मान किया गया। गुरु घर का सर्वोच्च सम्मान सरोपा गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी मान सिंह वडला ने भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा के पुर्व प्रधान सरदार नरेंदर पाल सिंह गांधी जी स्टेज से यह जानकारी दी और बताया कि बिलासपुर और छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है। गुरुद्वारा दयालबंद के प्रबंधक कमेटी के सह सचिव चरनजीत सिंह गंभीर को भारत गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें आनरेरी डाक्टरेट की मानद उपाधि के साथ वर्ल्ड ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन कौंसिल की आजीवन सदस्यता दी गई। इसके लिए समाज और प्रबंधक कमेटी की तरफ से उन्हें बधाई दी गई। पोंटा साहिब से पधारे भाई अर्जुन सिंह ने भी मंच से डॉ. चरनजीत सिंह गंभीर को समाज के लिए आगे बढ़कर सेवा कार्य करने के लिए आग्रह करते हुए साधुवाद दिया।

ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर थाना क्षेत्र में आज सुबह एक सड़क हादसे में सब्जी लेकर जा रहे बाइक सवार युवक को ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही तखतपुर पुलिस मौके पर पहुंच आगे की जांच कार्यवाही में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार तखतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना मंडी चौक में शुक्रवार सुबह 11.15 बजे के आसपास बाइक क्र.सीजी 28 एन 9548 में सवार युवक तखतपुर स्थित सब्जी मंडी से थोक में सब्जी लेकर ग्राम बरेला की ओर जा रहा था तभी पुराना मंडी चौक में पीछे से आ रही ट्रेलर क्र. सीजी 12 बीए 5098 ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार युवक की ट्रेलर के पिछले पहिया के नीचे आने से सर बुरी तरह कुचल गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच मृतक बाइक सवार के परिजनों की पतासाजी में जुट घटनाकारित ट्रेलर को जब्त कर आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

युवक ने पी लिया जहर, 112 ने अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

बिलासपुर/नवप्रदेश। डायल 112 के द्वारा जनकल्याण एवं आपातकालीन सेवा के द्रष्टिकोण से लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायपुर कमांड सेंटर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खैरा निवासी लखेश्वर भार्गव पिता देवनारायण उम्र 35 वर्ष अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया है। सीपत डॉयल-112 फरिश्ता बनकर 3 मिनट के अंदर कॉलर के घर पहुंची जहां एक युवक बिस्तर पर बेहोश पड़ा हुआ था, पूरे बिस्तर पर कीटनाशक फैला हुआ था और कमरे से कीटनाशक की तेज़ बू आ रही थी पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल ले जाने का कोई साधन नहीं था। मौके पर पहुंची 112 टीम द्वारा अपने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए युवक को तत्काल 112 वाहन से सिम्स हॉस्पिटल बिलासपुर में भर्ती कराया गया डॉक्टरों द्वारा इलाज पश्चात युवक की जान ख़तरे से बाहर होना बताया। इस प्रकार 112 के आरक्षक 1505 संजय विश्वास एवं चालक सुनील काशी की तत्परता एवं फुर्ती से युवक की जान बच सकी। युवक के परिजनों ने डॉयल-112 एवं बिलासपुर पुलिस के इस कार्यप्रणाली की सराहना की है। उन्होंने पुलिस की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

रेलवे मुख्यालय में ऑनलाइन संरक्षा सेमिनार आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, संरक्षा विभाग (मुख्यालय) द्वारा ऑन लाइन संरक्षा सेमिनार आयोजित किया गया । संरक्षा सेमिनार में मुख्य संरक्षा अधिकारी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, प्रदीप कुमार मुख्य अतिथि के द्वारा ऑन लाइन संरक्षा सेमिनार के रूप में उपस्थित थे । इस ऑन लाइन सेमिनार में तीनों रेल मण्डलो से विद्युत विभाग के लगभग 158 कर्मचारियों ने ऑन लाइन से जुड़ कर भाग लिया। इस संरक्षा सेमिनार में SPAD (Signal Passing at Danger) से बचने के उपाय बताए, दुर्घटना पर केस स्टडी, पीछे मुड़कर देखने, उचित स्थानों पर सीटी बजाने, संकेतों के आदान-प्रदान की आदतें विकसित करने की आवश्यकता, शंटिंग के दौरान सावधानी, पावर ब्लॉक में काम करते समय सावधानियां सहित अनेक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस संरक्षा सेमिनार के माध्यम से प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार ने तीनों मंडलों के कर्मचारियों को कार्य के दौरान पूर्ण संरक्षा के साथ कार्य करने तथा कोई भी कार्य शॉर्ट कट में न करने की सलाह दी।

उप मुख्य संरक्षा अधिकारी/विदूयत सर ने सभी

होटल में देर रात चुनाव आयोग की दबिश

बड़ी रकम रखने का शक कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र समर्थकों का हंगामा

बिलासपुर/नवप्रदेश। देर रात दयालबंद स्थित होटल इंटरसिटी में निर्वाचन आयोग की टीम ने छापा मारा जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव और उनके समर्थको के द्वारा होटल के कमरे में पैसे रखे होने की जानकारी निर्वाचन आयोग को मिली थी, इसके बाद निर्वाचन आयोग की टीम सीआरपीएफ की टिम के साथ दबीस देकर होटल के मेंन गेट को बंद करवा दिया। चुनाव आयोग के अफसरों को शक था कि उन पैसों का इस्तेमाल चुनाव के लिए किया जा सकता है। हालांकि इस कार्रवाई में निर्वाचन आयोग की टीम को कुछ भी नहीं मिला और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव दयालबंद स्थित होटल इंटरसिटी में ठहरे हुए हैं यही से वे अपना चुनाव कार्यक्रम संचालित करते हैं। निर्वाचन आयोग की टीम को सूचना मिली थी के प्रत्याशी देवेंद्र यादव और उनके समर्थकों ने पैसे कमरे के अंदर छुपा कर रखे हैं। जिस पर निर्वाचन आयोग की टीम सीआरपीएफ के साथ होटल इंटरसिटी पहुंची जहां होटल के मेन गेट को बंद कर दिया गया। होटल के मेंन गेट बंद होने से वहां होटल में चल रहे कार्यक्रम में हड़कंप मच गया। जिन लोगों के कार्यक्रम थे वे इस कार्रवाई को लेकर भड़क गए। उन्होंने निर्वाचन आयोग के अफसरों पर आरोप लगाते हुए कहा की कार्रवाई राजनीतिक है तो जिन पर कार्रवाई करनी है। उनके कमरे में जाकर करें,इस प्रकार बेवजह गेट बंद कर उनके मेहमानों को क्यों रोका जा रहा है। उधर कार्रवाई की जानकारी मिलते ही कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव भी वहां पहुंच गए। इस पुरे घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव ने कहा भाजपा इस चुनाव से इतना डर गई है कि वह निर्वाचन आयोग की टीम और सीआरपीएफ को आगे कर रही है।अगर आम लोगों को तकलीफ होगी तो जनता इसका जवाब देगी। अगर गिरफ्तार करना है तो मुझे किया जाए। इस तरह कार्रवाई का डर दिखाकर आम लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है।उन्होंने कहा जांच करवाना है तो करवा लिया जाए लेकिन इस तरह की तानाशाही बिलासपुर की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

सशस्त्र जवानों के साथ पहुंचे अफसर

उड़नदस्ता में शामिल अफसर होटल पहुंचे, तब उनके साथ बड़ी संख्या में सशस्त्र जवान भी थे। बंदूकधारी जवानों ने होटल के गेट को बंद कर दिया और लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी। इसके बाद अफसर होटल के कमरों की तलाशी लेने पहुंच गए। हालांकि, जांच के दौरान टीम को कुछ नहीं मिला।

भाजपा डर गई: देवेंद्र

इस कार्रवाई के बाद देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा इतनी डर गई है कि वो निर्वाचन और सीआरपीएफ की टीम भेज रही है। अगर आम लोगों को तकलीफ पहुंचाओगे तो डंडा मारकर भगाए जाओगे। आखिरकार अफसरों को भागना ही पड़ा। उन्होंने कहा कि, जो जांच करनी है कर लो, लेकिन तानाशाही नहीं चलेगी।

खबर मिलते ही होटल पहुंचे देवेंद्र

वहीं होटल में छापा मारने की खबर मिलते ही देवेंद्र यादव भी अपने समर्थकों के साथ पहुंच गए। उन्हें भी जवानों ने बाहर ही रोक दिया। देवेंद्र यादव ने अफसरों से मिलने और बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें जाने नहीं दिया गया। दूसरी ओर होटल का गेट बंद होने से हंगामा हो गया। हालांकि मामला बढ़ता देख अफसर निकल गए।

परिणाम बेहतर न आने पर निराश न हों, दोगुने उत्साह से करें प्रयासः अमित कुमार

दक्षता विकास प्रशिक्षण के तहत निगम कमिश्नर और आईपीएस पूजा कुमार हुए छात्रों से रूबरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा परिणाम से उत्पन्न विद्यार्थियों के तनाव को दूर करने एवं आत्महत्या जैसे घातक कदम से बचाने हेतु फेसबूक लाइव कार्यक्रम- दक्षता विकास प्रशिक्षण 29 अप्रैल से 6 मई 2024 तक चलाया जा रहा है। फेसबूक लाइव में अमित कुमार, आई.ए.एस., आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर एवं संध्या 5 बजे पूजा कुमार, सी.एस.पी कोतवाली बिलासपुर द्वारा बच्चों, पालकों एवं शिक्षकों से सीधा संवाद किया गया। अमित कुमार कमिश्नर नगर निगम ने फेसबुक लाईव में बच्चों को संबोधित करते हुए कमिश्नर नगर निगम ने कहा कि तैयारी करना और परीक्षा देना आपके हाथ में है। यदि परिणाम अपेक्षा से कम आता है तो उसे भूल कर बजाए दुखी होने के दुगने जोश के साथ आगे की तैयारी करे। पालकों से बात करते हुए अमित कुमार ने कहा कि हर पिता अपने बच्चे को डाक्टर, इंजीनियर बनने हेतु बच्चे के दिमाग में बबल क्रिएट कर देते है। अपने एस्पेक्टेशन के आगे बच्चे की क्षमता और रूचि को ध्यान नही रखते। ध्यान रखिए कि हर बच्चे का पोटेंशियल और रूचि भिन्न-भिन्न होता है। अतः रांग बबल कियेट करने के बजाए बच्चे को आकाश में उन्मुक्त उड़ान भरने दीजिए। उन्होने थामस एल्वा एडिसन और एप्पल के फाउंडर स्टीव जान्स का उदाहरण देते हुए बताया कि ये बहुत बुरे छात्र और कर्मचारी थे जिन्हे स्कूल और कम्पनी से निकाल दिया गया था। किंतु इनके माता-पिता पाजिटिव एप्रोच के कारण इन्हें पूरे विश्व में इनकी पहचान है। शिक्षकों से बाते करते हुए श्री कुमार ने कहा कि बच्चों के अटेंशन पीरियड को बढ़ाकर उनका मन प्रबंधन एवं माइंड सेट करना जरूरी है। शिक्षक बच्चों के एक्सपैटेशन, एन्जाईटी और फीयर को पहचाने और असफल बच्चों से व्यक्तिगत बात करें।

मतदान दलों को सामग्री वितरण 6 को

300 कर्मचारियों की ड्यूटी, बनाए गए 76 काउंटर

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरण का कार्य 6 मई को कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से सवेरे 7 बजे से शुरू होगा। सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए बैरिकेडिंग सहित पूरी तैयारियां हो चुकी है। आज प्रार्थना सभाभवन में लगभग 300 कर्मचारियों को मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री वापसी के लिए प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभावार सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए काउंटर बनाया गया है। इस प्रकार 6 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 76 कांउटर बनाए गए है। कोटा विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 काउंटर, तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 14, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के लिए 10, बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 12, बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 और मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के लिए 17 काउंटर बनाए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक अलग काउंटर संगवारी बूथ और दिव्यांग बूथ में काम करने वाले मतदान दलों के लिए बनाया गया है। निर्वाचन सामग्री वापसी की कार्यवाही 07 मई को मतदान संपन्न होने के पश्चात शुरू होगी। वितरण की जाने वाली सभी सामग्रियों की लिस्टिंग उचित तरीके से करने के निर्देश प्रशिक्षण में दिए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी ने व्यवस्थित मतदान के लिए दलों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि मतदान से सबंधित पूरी प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझते हुए अपने कार्यो को पूरा करना आपकी जवाबदेही है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण में जिले के मास्टर ट्रेनर एमटी आलम ने कहा कि मतदान दल के सदस्यों का ड्यूटी आदेश देखकर, सत्यापन करके ही उन्हें मतदान सामग्री दी जाये। मतदान सामग्री में व्हीव्हीपेट, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, बस्ता, ग्रीन पेपर सील, पिंक पेपर सील, निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति, स्पेशल टैग एवं ब्रेल मतपत्र, वोटिंग कम्पार्टमेंट आदि सामग्री सूची सहित दी जाये तथा मिलान करके वापस सामग्री ली जाये। मास्टर ट्रेनर ने कहा कि मतदान दलों को वितरण की जाने वाली सामग्री के विषय स्पष्ट जानकारी नाम सहित होना चाहिए। इसके साथ ही टीम भावना से इस महत्वपूर्ण कार्य का संपादन करना चाहिए। सभी सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन धैर्य पूर्वक करें। मास्टर ट्रेनर ने सामग्री वितरण करने वाले ड्यूटी स्टाफ को सामान देने और मतदान के बाद सामान जमा करते समय ध्यान रखने वाली बातों को विस्तार से समझाया।

अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

3 दिन बंद रहेंगी शराब दुकानें

बिलासपुर/नवप्रदेश। 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होना है लिजाहा सात लोकसभा क्षेत्रों में 3 दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए शासन ने 5 से 7 मई तक ड्राई डे घोषित किया है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण में 7 सीटों के लिए 7 मई को मतदान होना है। इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि वोटिंग से 48 घंटे पहले यानी 5 मई को शाम 5 बजे से 7 मई तक शराब दुकानें बंद रहेंगी। यह आदेश रायपुर सहित दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा लोकसभा क्षेत्रों के लिए लागू रहेगा।

रेलवे ने 8 स्टेशनों में प्याऊ खोला

बिलासपुर/नवप्रदेश। गर्मी के सीजन में रेल यात्रियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति करने के लिए मंडल रेल प्रशासन पूरी तरह से जुटा हुआ है। इसके अलावा विभिन्न समाज सेवी संस्थाएं भी सेवा भावना से रेल यात्रियों को पीने का पानी (प्याऊ) उपलब्ध कराने में अपना योगदान दे रहे हैं। इन संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति करने में सक्रिय योगदान दिया जा रहा है। इनके द्वारा गाड़ी के स्टेशन पर आते ही यात्रियों को पानी पिलाने के साथ, यात्रियों की खाली बॉटलों में शीतल पेयजल भरने का काम भी किया जा रहा है। उद्देश्य यही है कि मंडल से गुजर रहे किसी भी ट्रेन में कोई भी यात्री प्यासा न रहे। विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं द्वारा मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर वाटर हट्स (प्याऊ) उपलब्ध कराए गए हैं। मंडल रेल प्रशासन गर्मी के सीजन में ठंडा और स्वच्छ पेयजल यात्रियों को उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है इसके लिए समाज सेवी संस्थाओं की सहायता भी ली जा रही है । गर्मी के दिनों में सफ़र के दौरान पेयजल की अधिक आवश्यकता के मद्देनजर पीने के पानी (पेयजल) की समुचित इंतजाम किए गए हैं । मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर समाज सेवी संस्थाओं द्वारा स्टेशनों पर यात्रियों को निःशुल्क शीतल जल पिलाने के लिए प्याऊ खोलेने के लिए प्रशासन द्वारा त्वरित अनुमति दी जा रही है। बिलासपुर मण्डल के प्रमुख स्टेशनों रायगढ़, चांपा, बाराद्वार, शहडोल, अनुपपुर, बीरसिंहपुर, बुढ़ार व उमरिया रेलवे स्टेशनों में समाज सेवा संस्थानों द्वारा प्याऊ घर का संचालन करते हुये यात्रियों को प्लेटफार्मके साथ ही ट्रेनों के यात्रियों को कोच के सामने ही शीतल पेयजल निःशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं।

विद्युत लोको प्रशिक्षण केन्द्र उसलापुर में प्रशिक्षुओं को योग का प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोको पायलट, सहायक लोको पायलटो के तकनीकी विकास हेतु रिफ्रेशर, प्रमोशनल एवं विशेष पाठ्यक्रम तथा आर.आर.बी, प्रशिक्षुओं को आरंभिक पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाता है । लोको पायलट व सहायक लोको पायलटों की कार्यशैली दूसरे कर्मचारियों की कार्यशैली से भिन्न होने के कारण उनको तनाव मुक्त व शारिरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत रहना भी आवश्यक होता है । इसी उद्देश्य से विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर के द्वारा संरक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण के साथ साथ योगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद का भी आयोजन प्रशिक्षुओ के शारिरिक एवं मानसिक विकास के लिये किया जाता है ।

इसी क्रम में मानसिक एवं शरीरिक स्वास्थ्य हेतु विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर के प्राचार्य पी के शराफ के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षण का आयोजन आज 3 मई को किया गया। प्रशिक्षण केंद्र के मनोरंजन सभा गृह में विभिन्न पाठ्यक्रम मे प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओ को द्वारा अनुदेशकगण एस के तिवारी के निर्देशन में प्रशिक्षण केंद्र में योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओ को योग की बारीकियाँ बताई गयी एवं योग से शरीर और मन में पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी भी दी गई।

लोकसभा चुनाव चुनाव कराने पहुंचने पर मतदान दलों का होगा स्वागत, प्रतीक्षा कक्ष में कूलर, पंखे व्यवस्था के निर्देश

मतदान केन्द्रों में छाया-पानी की भी होगी व्यवस्था

सिम्स, जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्र अलर्ट मोड पर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने इन दिनों पड़ रही भीषण गरमी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर छाया एवं पानी का पर्याप्त इंतजाम करने को कहा है। उन्होंने वोट देने आने वाले मतदाताओं एवं मतदान दलों के लिए न्यूनतम मूलभूत सुविधायें सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। दलों के पहुंचने पर स्थानीय अधिकारियों द्वारा परम्परा के अनुरूप स्वागत भी किया जाना चाहिए। श्री शरण आज न्यू सर्किट हाऊस के सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन, व्यय प्रेक्षक श्रीकांत नामदेव एवं एसपी रजनेश सिंह की मौजूदगी में जिम्मेदार अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप सफलता के लिए कई दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों पर यथासंभव वोटर्स को शरबत अथवा शीतलपेय परोसने को भी कहा है।

कलेक्टर श्री शरण ने कहा कि मतदान केन्द्रों एवं वहां स्थित टॉयलेट्स की अच्छी तरह से साफ-सफाई करवा लिया जाये। महिलाओं के लिए अलग टायलेट की व्यवस्था किया जाये। टायलेट में पानी, बाल्टी, मग आदि भी उपलब्ध रहे। मटके में ठण्डे पानी पूरे मतदान काल के दौरान हमेशा उपलब्ध रहना चाहिए। बीच-बीच में मतदाताओं को ट्रे में ले जाकर पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था किया जाये। इन सब कामों के लिए लोगों को जिम्मेदारी सौंपकर नामजद ड्यूटी लगाया जाये। आपात जरूरत को ध्यान में रखते हुए बिजली की बैक-अप व्यवस्था रहे। मोबाईल चार्जिंग के लिए अलग से पांइट निर्धारित रहे। यथासंभव कूलर एवं पंखे की व्यवस्था अनिवार्य रूप से किया जाये। लोगों के मार्गदर्शन के लिए स्पष्ट संकेत चिन्ह भी नजर आना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में लोगों को किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने देना है। इसलिए चुनाव संपन्न होने तक सड़कों की खुदाई कार्य स्थगित कर दिया जाये। कलेक्टर ने मतदान के दिन सिम्स, जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को हाई एलर्ट पर रखने के निर्देश दिए। सभी आवश्यक दवाईयों के साथ डॉक्टर हमेशा मौजूद रहें। दूरस्थ मतदान केन्द्रों के बीच एम्बुलैंस तैनात रहेगा। हर मतदान केन्द्र पर मितानीन सभी जरूरी दवाईयों के साथ मौजूद रहेंगी। कलेक्टर ने चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को यदि उनका कोई दवा पानी चल रहा हो तो उनकी पर्ची रखने को कहा है ताकि तत्काल इलाज किया जा सके। कलेक्टर ने बताया कि बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को वोटिंग कराने केन्द्र तक लाने ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है। व्हील चेयर भी मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने दूसरे जिलों के लोगों को मतदान के 48 घण्टे के पूर्व जिला छोड़ देने के निर्देश भी दिए हैं।

संवेदनशील केंद्रों पर रहेगी पैनी नजर

एसपी रजनेश सिंह ने बैठक में बताया कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद हैं। 337 संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर खास नजर रहेगी। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। इसके अलावा 49 पेट्रोलिंग टीम भी गश्त करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए 4 हजार से ज्यादा लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। 56 अवैध हथियार जब्त किए गये हैं। इस दौरान 748 लाईसेन्सी बन्दूकें जमा कराई गई है। 7 लोगों को जिला बदर किया गया है। 5 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त किये गये हैं।

सोने की कीमतों में गिरावट चांदी की चमक पड़ी फीकी

इंदौर। भारतीय सर्राफा बाजार में सोने के भाव में कमी आई है। सोने का भाव 71327 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 30 अप्रैल 2024 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 383 रुपये की कमी आई है। चांदी के भाव में भी कमी देखी गई है।

चांदी का भाव 80050 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 30 अप्रैल से 331 रुपये की कमी आई है।इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 30 अप्रैल की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 71710 रुपये थी। 2 मई को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 71327 रुपये हो गई है। 30 अप्रैल की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 80050 रुपये थी। 2 मई को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 79718 रुपये हो गई है। 2 मई को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 71041 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 65336 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 53495 रुपये हो गई है। 585 शुद्धता वाले सोने की कीमत 41726 रुपये हो गई है।24 कैरेट सोना= 100% सोना22 कैरेट सोना= 91.7% सोना18 कैरेट सोना= 75.0% सोना 14 कैरेट सोना= 58.3%सोना 12 कैरेट सोना= 50.0% सोना10 कैरेट सोना= 41.7% सोना केंद्र सरकार की छुट्टियों और शनिवार और रविवार को रेट जारी नहीं करता है। आपको 22 कैरेट और 18 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी का रेट जानना है, तो 8955664433 पर मिस्ड कॉल कसकते हैं। मिस्ट कॉल के कुछ ही समय बाद एसएमएस के जरिए रेट्स मिल जाते हैं।

अदाणी ग्रुप की अंबुजा सीमेंट्स को 4,738 करोड़ का मुनाफा



अहमदाबाद। अंबुजा सीमेंट्स ने वित्त वर्ष 2024 के लिए शुद्ध लाभ (पीएटी) 4,738 करोड़ रुपये बताया है जो कि साल-दर-साल 119 प्रतिशत और कुल कमाई में 6,400 करोड़ रुपये पर 73 प्रतिशत की वृद्धि है।

वित्त वर्ष 24 में चौथी तिमाही के लिए अंबुजा सीमेंट्स ने 1,699 करोड़ रुपये की कुल कमाई दर्ज की जो कि 37 प्रतिशत (साल-दर-साल) अधिक है।

अंबुजा सीमेंट्स के निदेशक और सीईओ अजय कपूर ने कहा, वर्ष के दौरान हमारा प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन हमारे बिजनेस मॉडल की मजबूती का प्रमाण है। यह बताता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच भी चमक रही है।

अदाणी परिवार ने पिछले महीने अंबुजा सीमेंट्स में 8,339 करोड़ रुपये का निवेश कर 70.3 प्रतिशत तक हिस्सेदारी ले ली थी। यह कंपनी के प्रमोटर द्वारा 18 अक्टूबर, 2022 को 5,000 करोड़ रुपये और इस साल 28 मार्च को 6,661 करोड़ रुपये के निवेश के बाद आया, जिससे अधिग्रहण के बाद अंबुजा सीमेंट्स में कुल 20,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

कपूर ने कहा, हम दीर्घकालिक मूल्य और सतत विकास के लिए दृढ़ हैं। हम क्षमता को दोगुना करने, दक्षता में सुधार के लिए निवेश, हरित ऊर्जा, कच्चे माल और ईंधन की सुनिश्चित आपूर्ति की ओर बढ़ रहे हैं।

बोर्ड ने इक्विटी शेयरों पर 2 रुपये प्रति शेयर लाभांश की सिफारिश की है, जो वार्षिक आधार पर पिछले वर्ष की तरह है।

अंबुजा सीमेंट्स के अनुसार, पिछले वित्तीय वर्ष में वॉल्यूम, दक्षता लागत और कैपेक्स जैसे सभी प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) में स्वस्थ सुधार देखा गया।

वित्त वर्ष 24 में, कंपनी ने सफलतापूर्वक तीन अधिग्रहण (सांघी, एशियन सीमेंट्स और तूतीकोरिन में जीयू) पूरे किए। सीमेंट क्षमता 11.4 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमपीटीए) बढ़ गई, जिससे कुल क्षमता 78.9 एमपीटीए हो गई।

जोमेटो को 2 करोड़ का जीएसटी ब्याज व जुर्माना भरने का आदेश

नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो को दिल्ली के बिक्री कर अधिकारी ने दो करोड़ रुपये से ज्यादा का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), दो करोड़ से ज्यादा का ब्याज और जुर्माना भरने का नया आदेश दिया है। आदेश में 2,22,91,376 रुपये के जीएसटी; 2,08,98,164 रुपये के ब्याज और 22,29,136 रुपये के जुर्माने की मांग की गई है। यह वित्त वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए है।

जोमैटो ने शेयर बाजार को बताया, जोमैटो को अप्रैल 2018 से मार्च 2019 की अवधि के लिए दिल्ली के वार्ड 300 के बिक्री कर अधिकारी से 2,08,98,164 रुपये के ब्याज और 22,29,136 रुपये के जुर्माने के साथ 2,22,91,376 रुपये के जीएसटी की मांग प्राप्त हुई है।

कंपनी ने बताया कि वह सक्षम अधिकारी के समक्ष इसके खिलाफ अपील करेगी। उसने कहा, हमें लगता है कि तथ्यों के आधार पर हमारे पास मजबूत मामला है और हम सक्षम अधिकारी के समक्ष इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेंगे। पिछले महीने भी जोमैटो को 11.81 करोड़ रुपये के जीएसटी और जुर्माने का आदेश प्राप्त हुआ था। इसमें 5.9 करोड़ रुपये का जीएसटी और करीब इतना ही जुर्माना शामिल है। यह जुलाई 2017 से मार्च 2021 की अवधि के लिए था।

मोबाइल पर अब दिखेगा कॉल करने वाले का नाम, ट्राई ने टेलीकॉम कंपनियों को दिए निर्देश

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने देशभर में टेलीकॉम कंपनियों को कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन लागू करने का आदेश दिया है, जिसके बाद अगर आपके फोन पर कोई अनजान व्यक्ति कॉल करेगा तो उसका नाम आपको अपने फोन की स्क्रीन पर दिखाई देगा।

स्मार्टफोन यूजर्स अपने फोन में अनजान कॉल के बारे में जानकारी लेने के लिए थर्ड पार्टी ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें बहुत सारे यूजर्स ट्रू कॉलर का इस्तेमाल करते हैं। थर्ड पार्टी ऐप्स अपनी सुविधाएं देने के लिए इस्टॉल होने के टाइम पर बहुत सारी परमिशन मांगते हैं, जिसमें कॉन्टैक्ट डिटेल, फोन गैलरी, स्पीकर, कैमरा और कॉल हिस्ट्री की जानकारी शामिल होती है। अगर आप इन सभी की परमिशन नहीं देते हैं तो ये थर्ड पार्टी ऐप काम नहीं करते और अगर आप परमिशन दे देते हैं तो आपकी पर्सनल डिटेल लीक होने का डर बना रहता है। ट्रायल हुआ शुरू-

ट्राई ने देशभर में मौजूद सभी दूरसंचार कंपनियों को कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन फीचर रोलआउट करने का निर्देश दिया है। जिसके बाद देश में मौजूद मोबाइल सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों ने इसका ट्रायल शुरू कर दिया है। ट्राई के अनुसार, अगर ये ट्रायल सफल होता है तो कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन फीचर देशभर में लागू किया जाएगा। जिसके बाद आपको अननॉन नंबर के बारे में जानकारी करने के लिए किसी भी थर्ड पार्टी ऐप की जरूरत नहीं होगी।

खेल, मनोरंजन

जापान से हारकर भारतीय महिलाओं का अभियान क्वार्टर फ़ाइनल में ही समाप्त

चेंगदू। भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने एकल खिलाड़ियों के शानदार प्रयास के बावजूद गुरुवार को पूर्व चैंपियन जापान से 0-3 से हारकर क्वार्टर फाइनल में अपना बीडब्ल्यूएफ थॉमस और उबेर कप 2024 अभियान समाप्त कर दिया। सभी अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में, फिर भी कनाडा और सिंगापुर पर दो ठोस जीत के साथ अंतिम आठ चरण में जगह बनाना युवा दल के लिए एक बड़ा मौका था। शुरुआती एकल में, अश्मिता चालिहा ने वर्ल्ड नंबर 11 अया ओहोरी के खिलाफ एक मैच प्वाइंट बचाया। और निर्णायक गेम में ब्रेक पर 11-9 से आगे थीं। लेकिन ओहोरी ने अपने पूरे अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तुरंत गति बढ़ा दी और लगातार पांच अंक ले लिए और फिर एक घंटे और सात मिनट में मैच 21-10, 22-24, 21-15 से जीत लिया। अपने

प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए अश्मिता ने कहा, ÷सैयद मोदी इंटरनेशनल में मैं उनसे बहुत बुरी तरह हार गई थी और मैं इस मानसिकता के साथ मैच में उतरी थी कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ खेलना है... तीसरे गेम में, मैंने 11-9 के बाद कुछ मूर्खतापूर्ण गलतियाँ कीं और इसके कारण मुझे मैच गंवाना पड़ा।÷ इसके बाद नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जोड़ी ने राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा पर 21-8, 21-9 से जीत के साथ जापान की बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद ईशरानी बरुआ ने अपनी क्षमताओं का अच्छा लेखा-जोखा दिया और पूर्व विश्व चैंपियन नोज़ोमी ओकुहारा के साथ मुकाबला बनाए रखा और शुरुआती गेम में 14-11 की बढ़त भी बना ली, लेकिन अनुभवी जापानी खिलाड़ी ने अगले 11 में से 10 अंक जीतकर पासा पलट दिया। दूसरा गेम भी पहले गेम के समान ही रहा क्योंकि दोनों खिलाड़ी 9-9 तक बराबरी पर थे, जिसके बाद ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से जीत हासिल कर जापान के पक्ष में क्वार्टर फाइनल में जीत पक्की कर दी। थॉमस कप खिताब का बचाव कर रही भारतीय पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीन से भिड़ेगी। परिणाम÷ भारत जापान से 0-3 से हार गया (अश्मिता चालिहा अया ओहोरी से 10-21, 22-20, 15-21 से हार गई।

जफर पहली बार कनाडा की टी20 टीम की करेंगे कप्तानी

ओंटारियो। कनाडा ने वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें ऑलराउंडर साद बिन जफर को कप्तान बनाया गया है। जफर पहली बार टी20 विश्व कप में कनाडा की कप्तानी करेंगे। टीम को पूर्व श्रीलंकाई और कनाडाई अंतर्राष्ट्रीय पुबुदु दस्सानायके द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिन्होंने 2022 में बागडोर संभाली थी।कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है। वे 1 जून को डलास में पड़ोसी देश अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, इसके बाद उत्तरी अमेरिकी देश को 7 जून को आयरलैंड का सामना करना है। इसके बाद 11 जून को पाकिस्तान और 15 जून को भारत के खिलाफ उनका मुकाबला होगा।टीम÷ साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ताथगुर (विकेटकीपर), नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, रेयानखान पठान, श्रेयस मोव्वा (विकेटकीपर)।

रिर्जव÷ तजिंदर सिंह, आदित्य वरदराजन, अम्मार

पंचायत 3 की रिलीज 28 मई को, अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम

जितेंद्र कुमार स्टारर मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज पंचायत वापस आ गई है, फैंस का इंतजार अब खत्म होने वाला है. इसके पहले दो सीजन की सफलता के बाद, निर्माताओं ने पंचायत सीजन 3 की रिलीज की तारीख के बारे में रोमांचक खबर का खुलासा किया है. हाल ही में एक अनाउंसमेंट में, मेकर्स ने सोमवार 29 अप्रैल को एक टीजर वीडियो जारी किया, जिससे सीरीज की वापसी के बारे में अटकलों का बाजार गर्म हो गया. जानकारी के अनुसार, आगामी सीजन की प्रीमियर डेट 28 मई, 2024 तय की गई है. जानकारी के अनुसार, आगामी सीजन की प्रीमियर तिथि 28 मई, 2024 निर्धारित की गई है. इस खुलासे के साथ, फैंस अपने कैलेंडर को चिह्नित कर सकते हैं और पंचायत की दिल को छू लेने वाली लेकिन हास्यपूर्ण दुनिया में एक और मनोरंजक यात्रा के लिए तैयार हो सकते हैं. उत्तर प्रदेश के फुलेरा गांव की बैकग्राउंड पर आधारित 'पंचायत' ड्रामा, हास्य और जीवन के कुछ अंशों को बयां करने वाली कहानी का एक आकर्षक मिश्रण प्रस्तुत करता है.

जितेंद्र कुमार के साथ, इस सीरीज़ में रघुबीर यादव, फैसल मलिक, संविका और नीना गुप्ता जैसे कई बेहतरीन कलाकार हैं, जो शो के आकर्षण और अपील में अपना योगदान देते हैं. 28 मई की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ ही, फैंस उम्मीद कर सकते हैं कि 'पंचायत सीजन 3' हंसी, भावनाओं और दिल को छू लेने वाले पलों की एक और खुराक लेकर आएगा।

आईपीएल के शेष लीग मैचों से बाहर हो सकते हैं मयंक

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव, जिन्हें मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच के दौरान पेट में दर्द के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा, के आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर होने की संभावना है।

मयंक को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी जिससे उनके आगे मैच खेलने पर संशय पैदा हो गया है। मयंक पिछले चार सप्ताह में दूसरी बार चोटिल हुए हैं।

सूत्रों ने बताया, मंयक यादव के पूरी तरह ठीक होने में पहले की अपेक्षा अधिक समय लगेगा। वह बुरी स्थिति में नहीं हैं, लेकिन शेष मैचों में उनकी भागीदारी संदेह में है। बुधवार को उनका स्कैन किया गया है लेकिन रिपोर्ट आनी बाकी है। मेडिकल टीम ने मयंक यादव को कम से कम तीन सप्ताह के आराम का सुझाव दिया है।

एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने स्टार तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट पर अपडेट देते हुए कहा है कि परफेक्ट रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बावजूद, युवा खिलाड़ी को अभी भी थोड़ी परेशान है।कोच ने कहा, ऐसा लगता है कि उसे एक बार फिर उसी जगह पर दर्द है। उसका पुनर्वास बिल्कुल सही रहा है, उसने पिछले कुछ हफ्तों में दर्द रहित गेंदबाजी की है, वह अच्छी स्थिति में दिख रहा है। हालांकि, उसे फिर थोड़ी परेशानी हुई है जिस पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

हालांकि, सूत्रों ने दावा किया कि मयंक एमआई के खिलाफ मैच के लिए फिट नहीं थे, लेकिन तीन सप्ताह में पांच मैच मिस करने के बाद प्लेइंग-11 में लौट आए क्योंकि कप्तान केएल राहुल उन्हें अपनी टीम में शामिल करना चाहते थे। एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में 3.1 ओवर में 31 रन देकर 1 विकेट के आंकड़े पर चोट के कारण उन्होंने मैदान छोड़ दिया। एलएसजी टूर्नामेंट का अपना आखिरी लीग मैच 17 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगा।

अभिनेत्री वर्षा बोलम्मा करेंगी फिल्म में काम

अभिनेता नितिन की आने वाली फिल्म थम्मुडु को लेकर दर्शक उत्साहित नजर आ रहे हैं। फिल्म में दमदार एक्शन देखने को मिल सकता है। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी वेणु श्रीराम के कंधों पर है। शूटिंग शुरू होने के बाद से ही आए दिन इस फिल्म से जुड़ी नई-नई जानकारी सामने आ रही है। फिल्म थम्मुडु से जुड़ा ताजा अपडेट यह है कि अभिनेत्री वर्षा बोलम्मा भी इसमें अभिनय करते हुए नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में उनका किरदार ज्यादा बड़ा नहीं होगा। इस खबर से उनके फैंस के बीच खुशी का माहौल है। वे वर्षा के छोटे किरदार को भी देखने के लिए उतावले नजर आ रहे हैं। वर्षा बोलम्मा की फिल्म में एंट्री को लेकर आधिकारिक घोषणा जल्द की जा सकती है। बता दें कि वर्षा ने इससे पहले फिल्म ऊरु पेरू भैरवकोना में काम किया था। यह फिल्म इस साल 14 फरवरी को रिलीज हुई थी। थम्मुडु में नितिन के अलावा सप्तमी गौड़ा भी मुख्य भूमिका अदा कर रही हैं। दर्शक उन्हें कांतारा फिल्म से जानते हैं। फिल्म में अभिनेत्री लया भी काम करती दिखाई देंगी। इस फिल्म में उन्होंने नितिन के किरदार की बहन की भूमिका निभाई हैं। फिल्म का निर्माण दिल राजू कर रहे हैं। यह तीसरा मौका है, जब नितिन और दिल राजू एक साथ काम कर रहे हैं। नितिन के फैंस को उम्मीद है कि यह फिल्म धमाल मचाएगी। उनकी पिछली फिल्म एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी मैन से दर्शकों को निराशा हाथ लगी थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा सकी थी। मालूम हो कि फिल्म के एक एक्शन सीन को शूट करने के दौरान नितिन चोटिल भी हो चुके हैं।

जीतू के बयान पर भड़की बीजेपी , गौर बोली- कांग्रेस का चरित्र महिला विरोधी, सभा में दिखाएंगे काले झंडे

राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के बयान को कांग्रेस के चरित्र को घृषित मानिसकता और महिला विरोधी वाला बताया है। पटवारी के बयान पर खेद जताने के बावजूद भाजपा हमलावर है।

भोपाल/नवप्रदेश। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के भाजपा नेता और पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर दिए बयान पर सियासत गरमा गई है। लोकसभा चुनाव के प्रचार के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी बयान पर घिरते जा रहे है। हालांकि उन्होंने अपने बयान को तोड़मरोड़कर पेश करने की बात कहने के साथ ही खेद जताया है। इमरती देवी के लिए रस, चाशनी जैसे शब्दों के इस्तेमाल को लेकर भाजपा जीतू पटवारी के बयान को लेकर हमलावर हो गई है। इसके बावजूद इमरती देवी का उनके खिलाफ केस करने और माफी मांगने पर भी वापस नहीं लेने का बयान सामने आया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी पटवारी पर निशाना साधा है। शुक्रवार को भाजपा मीडिया सेंटर में राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी बार-बार महिलाओं का अपमान कर रही है। उनके नेताओं ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी में महिलाओं का कोई सम्मान नहीं है। इमरती देवी के ऊपर दिया गया बयान समाज और पूरे महिला वर्ग के लिए है। उन्होंने कहा कि इससे साबित हो गया कि कांग्रेस पार्टी का चरित्र एवं मानसिकता घृणित और महिला विरोधी है। उन्होंने जीतू पटवारी से सवाल करते हुए कहा कि क्या वह अपने घर में भी मां, बहन और बेटी के लिए इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करते है। गौर ने पटवारी के बयान को पूरे दलित समाज का अपमान बताया।

इमरतीदेवी ने कहा कि मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि कांग्रेस के लोगों को सद्बुद्धि दें। कभी कमलनाथ बोलते है आइटम, कभी दिग्विजय सिंह कहते है टंच मॉल, अब जीतू पटवारी कह रहे है कि रस निकल गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को महिलाओं पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान से सभी समाज की महिलाएं बाहर निकली है। उन्होंने कहा कि वह तो दलित वर्ग से आती है। उन्होंने कहा कि वह सोनिया गांधी और राहुल गांधी से निवेदन करना चाहती है कि ऐसे प्रदेश अध्यक्ष से उनको इस्तीफा लेना चाहिए। पटवारी के बयान पर केंद्रीय मंत्री और गुना से भाजपा के प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह केवल इनके बोल नहीं, बल्कि पूरी कांग्रेस पार्टी की मानसिकता है। दलितों व खासकर महिलाओं का अपमान इस पार्टी की रीत बन गई है। बाबा साहब अंबेडकर ने देश की महिलाओं व दलितों को अपने सम्मान के लिए लड़ने की प्रेरणा दी है। हमारे मध्य प्रदेश के दलित भाई-बहन, इमरदेवी के ऊपर इनकी ओछी टिप्पणी का बदला आगामी 7 तारीख को अपने वोट से लेगी। जय भीम।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया ने कहा कि इमरती देवी का अपमान भाजपा महिला मोर्चा नहीं सहेगा। जीतू पटवारी के बयान की महिलाएं घोर निंदा करती है। उन्होंने सोनिया गांधी से सवाल पूछते हुए कहा कि आपके नेता आय दिन महिलाओं के ऊपर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते है। खुद को महिला हितैषी बताने वाली कांग्रेस पार्टी खुद का अपमान करते चली आ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा और कार्यकर्ता जीतू पटवारी की जहां भी सभा होगी, उनको काले झंडे दिखाएंगे। बता दें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रियंका गांधी की मुरैना में आयोजित सभा के बाद ग्वालियर में मीडिया से बातचीत में इमरती देवी के कांग्रेस के समर्थन में प्रचार करने को लेकर वायरल वीडियो पर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि अब इमरती देवी का रस खत्म हो गया है अंदर जो चाशनी होती है...। इसलिए अब मैं उनके लिए कोई बात नहीं करुंगा। हालांकि जीतू पटवारी ने अपने बयान पर कुछ घंटे पर सोशल मीडिया पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि मेरे एक बयान को तोड़मरोड़कर, गलत संदर्भ में प्रस्तुत किया जा रहा है। मेरी मंशा सिर्फ सवाल के जवाब को टालने की थी। उन्होंने लिखा कि इमरतीज जी मेरी बड़ी बहन जैसी हैं और बड़ी बहन मां के समान होती है।

जीतू पटवारी के बयान के खिलाफ महिला मोर्चा का चक्काजाम

प्रवक्ता नेहा बग्गा बोलीं- पटवारी महिलाओं में रस ढूंढ रहे; अब कहां हैं प्रियंका गांधी

गुना/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री और भाजपा नेता इमरती देवी पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा दिए गए बयान के बाद प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। गुना में भी भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। कैंट चौराहे पर महिला मोर्चा ने 15 मिनिट तक जाम किया। प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा के नेतृत्व में महिलाओं ने चक्काजाम किया। दरअसल, पटवारी का एक वीडियो सामने आया है।इसमें वे पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में हंसते हुए कह रहे हैं, ÷देखो ऐसा है, अब इमरती जी का रस खत्म हो गया है। जो अंदर चाशनी होती है...उनके लिए अब मैं कुछ बात नहीं कर रहा।% जीतू का 16 सेकेंड का ये वीडियो ग्वालियर का बताया जा रहा है। वे गुरुवार रात कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा से मिलने उनके घर पहुंचे थे। इसके बाद मीडिया से बात की थी। जीतू इससे पहले मुरैना में प्रियंका गांधी की सभा में शामिल हुए थे। प्रियंका कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल नीटू सिकरवार के समर्थन में सभा करने आई थीं।

विवाद बढ़ा तो इमरती को बड़ी बहन जैसी बताया

मामले के तूल पकड़ने के बाद जीतू ने ट्वीट कर इमरती को अपनी बड़ी बहन जैसी कहा। वहीं, इमरती देवी ने कहा, %जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगी।% शुक्रवार को इमरती देवी की शिकायत पर जीत पटवारी के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज की गई है।

कैंट चौराहे पर लगाया जाम

जीतू पटवारी के बयान पर विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा महिला मोर्चा ने गुना में चक्काजाम कर दिया। कैंट चौराहे पर मोर्चा की सदस्यों ने जाम कर दिया। उन्होंने जीतू पटवारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा ने कहा कि जीतू पटवारी की बहुत ओछी सोच है। पूर्व में महिलाओं को 500रूपये लेकर पोटली में रखकर बिकने वाली बताया था। अब एक दलित महिला के अंदर वो रस ढूंढ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के कई लोगों ने इस वीडियो को लाइव चलाया है। जीतू पटवारी अब झूठ भी बोलेंगे तो जनता उन पर विश्वास नहीं करेगी। इस मातृशक्ति ने विधानसभा चुनाव में बता दिया कि वो अबला नहीं है वो सबला है। इसलिए जीतू पटवारी का पैकअप करके घर में बिठाया। अब कहां हैं प्रियंका गांधी, अब कहां हैं सोनिया गांधी। जनता ने यह तय कर लिया है कि इस तरह की सोच वाले व्यक्ति को जब कांग्रेस नेतृत्व क्रष्ट अध्यक्ष बनाता है, तो पूरी पार्टी का पैकअप करना है। कभी टंच माल, कभी आइटम, कभी तंदूर में भूंज देना, ये कांग्रेस की संस्कृति है। प्रदर्शन करते हुए महिलाओं ने जीतू पटवारी और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश राजपूत के नेतृत्व में महिला मोर्चा की सदस्य शामिल रहीं।

जीतू पटवारी के बयान पर बीजेपी प्रत्याशी वानखेड़े का पलटवार

सागर में बोलीं-घिनौना बयान देकर उन्होंने साबित कर दिया कि वह महिलाओं के कितने विरोधी हैं

सागर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। उनके इस बयान का विरोध प्रदेश भर में शुरू हो गया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के विवादित बयान पर शुक्रवार को जनसंपर्क के दौरान सागर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. लता वानखेड़े ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उनके इस बयान की मैं घोर निंदा करती हूं। महिलाओं के प्रति इस तरह की विकृत मानसिकता कांग्रेस की ही हो सकती है। इतना घिनौना बयान देकर उन्होंने साबित कर दिया है कि वह महिलाओं के कितने विरोधी हैं। इस तरह से किसी महिला को अपमानित करना, इसके लिए पूरा नारी समाज निंदा करता है और उनको आगाह करता है कि वह समस्त नारी समाज से माफी मांगें। वरना अच्छा नहीं होगा। मैं तो एक ही बात कहूंगी... छेड़ना मेरे स्वामिमान को सिर पर उठा लूंगी आसमान को, माना कि देखने में शक्ति तुम्हारे पास है मगर ये मत भूलना कि मैंने ही जन्मा है नर शक्तिमान को।

पूर्व विधायक ने प्रियंका गांधी से किया सवालड़

युवती ने फिनाइल पीकर खुदकुशी की: परिजन बोले कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के बजरिया थाना इलाके में रहने वाली युवती ने फिनाइल पीकर सुसाइड कर लिया। उसने यह कदम क्यों उठाया इस बात खुलासा नहीं हो सका है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार की दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक रमा कुचबंदिया (20) पुत्री वीरू कुचबंदिया निवासी क्क्र स्कूल के पास गली नंबर चार द्वारका नगर कप?ा बेचने का काम करती थी। उसकी मां भी यही काम करती हैं और गुरुवार को साप्ताहिक बाजार में कप? बेचने बैरसिया गई थीं। रात करीब 8 बजे रमा खाना बनाने का काम कर रही थी। उसके पिता वीरू ने बताया कि खाना बनाते से उठकर अचानक वाश रूम की ओर गई। वहां उसने फिनाइल पी लिया। उल्टियां करता देख उसे अस्पताल पहुंचाया था। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। उसने कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



आज बहस आरक्षण बचाने की, संविधान बचाने की तथा वोट का अधिकार बचाने की: जीतू पटवारी

कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहमत से विजयी बनाइए: जीतू पटवारी

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने बैतूल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी श्री रामू टेकाम जी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया इसके साथ ही पटवारी ने मुलताई में पूर्व मंत्री श्री सुखदेव पांसे एवं बैतूल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी श्री टेकाम के साथ माँ ताप्ती की पूजा-अर्चना की एवं सभी की खुशहाली की कामना की। पटवारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव देश की अस्मिता और रक्षा का चुनाव है। आज बहस आरक्षण को बचाने की, संविधान को बचाने की तथा वोट का अधिकार बचाने की देश में बहस चल रही है। पटवारी ने कहा कि जब पेट्रोल 60 रुपए का हुआ करता था तब बातें 30 रुपए में बेचने की होती थी और हो गया 100 का, खाने का तेल 50 का था आज 160 का है, अरहर दाल 50 की मिलती थी आज 200 की है। देश में बेतहाशा महंगाई बड़ी है। वहीं भाजपा राज में आज हर घर में बेरोजगार हैं, जबकि वादे दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष के हुये थे, यह मोदी गारंटी है। जैसी चीन की गारंटी होती है वैसी ही गारंटी मोदी गारंटी है।पटवारी ने कहा कि भाजपा ने 'ना खाऊंगा ना खाने दूंगा' के वादे किए थे परंतु इलेक्टोरल बान्ड में चौंकाने वाले खुलासे सामने आये। परंतु भाजपा ने इसे घोटाला क्यों नही मानाड़ 30 से ज्यादा कंपनियां ऐसी हैं, जिन्होंने छापेमारी के ठीक बाद भाजपा को मोटा चुनावी चंदा दिया, अभी हाल ही में प्रधानमंत्री जी ने महिलाओं के पवित्र मंगलसूत्र को लेकर अनर्गल बयान दिया। मैं मोदी जी से पूछना चाहता हूं कि कोविड के दौरान जितनी बेटियों के मंगलसूत्र उजड़े उनके लिए मोदी जी ने क्या किया, नोटबंदी में जितनी बहनों के मंगलसूत्र गिरवी हुए उन बहनों का क्या हुआ, महंगाई में जिन बेटियों के मंगलसूत्र बिक गए उन बहनों के लिए भाजपा ने क्या कियाड़ हमारे देश पर 50 लाख करोड़ रुपए का कर्ज था, लेकिन मोदी जी के शासनकाल में इन 10 सालों में 255 लाख करोड़ का कर्ज हो गया है, क्या यही अच्छे दिन है आप लोग मोदी जी से जवाब मांगिए। पटवारी ने कहा कि मोदी की गारंटी बताना, पीड़िताओं के पक्ष में आवाज उठाना, लाड़ली बहनों का अधिकार दिलवाना, किसानों के लिए एमएसपी की मांग करना, मैं जनहित की ऐसी अनेक लड़ाइयां लड़ता रहूंगा, क्योंकि संघर्ष ही कांग्रेस के सिपाही का संस्कार है। फिर चाहे मुख्यमंत्री जी को बुरा लगे या फिर और एफआईआर हो जाए। आदिवासी अत्याचार में मध्य प्रदेश नंबर एक पर है और आपके जो सांसद है, न उन्होंने कभी शादी-ब्याह में आपसे मुलाकात

न्यूज गैलरी

इंदौर में मिले देवास से किडनैप तीन भाई-बहन

खातेगांव/नवप्रदेश। देवास के खातेगांव में अगवा हुए तीन भाई-बहन शुक्रवार सुबह इंदौर में मिल गए हैं। दोपहर में पुलिस बच्चों को लेकर खातेगांव लौटी। आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। पुलिस की टीम तीनों बच्चों को लेकर जैसे ही मोहल्ले में पहुंची, लोगों ने ताली बजाकर स्वागत किया। बच्चे दौड़कर मां से लिपट गए। ये देख वहां मौजूद हर कोई भावुक हो गया। मां शेराजुन बी ने का कहना है कि जब से पता चला कि बच्चों को कोई ले गया है, उनके मिलने तक मेरे जीवन का सबसे दुखद समय था। रातभर मैंने अल्लाह से उनके सकुशल मिलने की दुआ मांगी। करीब 24 घंटे बाद बच्चे मेरी गोद में हैं। अब इन्हें कभी अपने से दूर नहीं होने दूंगी।

घूमने का बोल कर बच्चों को ले गया था आरोपी

तीनों बच्चों में सबसे बड़ी 8 साल की उमेरा ने बताया, दावत में खाना खाने के बाद अंकल ने हमसे कहा कि घूमने चलते हैं। हमने बोला ठीक है। उन्होंने हिनाया को अपनी गोद में ले लिया। फिर हमें बस से ले गए। बस में कहा कि इंदौर चल रहे हैं। मेरे भाई रोमान ने मना किया तो कहने लगे घूमकर आ जाएंगे। रात में हम पेड़ के नीचे सो गए। अम्मी की याद आ रही थी। अंकल ने खाने के लिए कुरकुरे दिलाए थे।

पिता अनीस शेख ने बताया, बच्चों की तलाश में मैं भी पुलिस टीम के साथ था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस सबसे पहले सतवास पहुंची। यहां पता चला कि आरोपी ने बस का टिकट सतवास तक का लिया था, लेकिन वह यहां उतरा नहीं। लोहारदा-कांटाफोड़ में बस स्टैंड पर पूछताछ की गई। इसी बीच पता चला कि आरोपी इंदौर पहुंच गया है। पुलिस की मदद से बच्चे सकुशल घर वापस आ गए हैं।

सिलसिलेवार जानिए पूरा घटनाक्रम

खातेगांव में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे उमेरा (8), रोमान (6) और हिनाया (ढाई साल) घर के पास खेल रहे थे। काफी देर तक जब बच्चे नजर नहीं आए तो माता-पिता ने तलाश शुरू की, लेकिन बच्चे नहीं मिले। बच्चों के चाचा ने बताया कि गुरुवार को मोहल्ले में शादी थी, सभी वहां खाना खाने गए थे। पास में ही बच्चों के खेलने की जगह है। यहां मोहल्ले के बच्चे साथ खेलते हैं। बच्चों के लापता होने पर सोशल मीडिया पर उनके फोटो भी डाले। शादी समारोह के फोटो-वीडियो चेक किए। तीनों बच्चे एक शख्स के साथ दावत में खाना खाते नजर आए। पुलिस को सूचना दी गई। मां शेराजुन बी की शिकायत पर पुलिस ने स्नढ्ढक्र दर्ज की। सीसीटीवी खंगाले तो तीनों बच्चे उसी शख्स के साथ पैदल जाते दिखे। सीसीटीवी फुटेज देखकर कुछ लोगों ने संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कमल कालिया ग्राम खारिया के रूप में की। पुलिस कमल के घर पर दबिश दी। पता चला कि वह बच्चों को लेकर इंदौर निकल गया है। जांच में पता चला कि इंदौर में बच्चों और आरोपी देखा गया है। इसके बाद खातेगांव पुलिस बच्चों के माता-पिता के साथ इंदौर रवाना हुई। पुलिस ने रातभर कई जगह दबिश दी। इधर, कमल के रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही थी। सुबह 6:30 बजे तीनों बच्चे पुलिस को सुरक्षित मिल गए। आरोपी कमल को गिरफ्तार कर लिया गया। खातेगांव टीआई विक्रांत झांझोट ने बताया कि बच्चों की गुमशुदगी की सूचना मिलते ही पुलिस एक्टिव हुई। वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। अनुभाग स्तर पर टीमें गठित की गईं। देवास सहित आसपास के थानों के टीआई और पुलिस फोर्स मिला। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इंदौर में रेडिसन चौराहा और स्टार चौराहा के बीच से बच्चों को सुरक्षित बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी कमल आपराधिक प्रवृत्ति का है, उसके खिलाफ सतवास, खातेगांव और कन्नौद में 10 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

भोपाल के चूना भट्टी में पानी की लाइन फूटी: 20 फीट तक ऊंचा फव्वारा

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के चूना भट्टी चौराहे पर शुक्रवार सुबह पानी की लाइन फूट गई। इससे पानी का फव्वारा 20 फीट तक ऊपर उठ गया। करीब 3 घंटे में लाखों लीटर पानी बह गया। निगम की टीमें लाइन को सुधार रही है। कोलार सिक्सलेन में खुदाई के चलते यह लाइन ब्रेक हुई थी। सुबह पौने 11 बजे चूना भट्टी चौराहा स्थित मां काली मंदिर के ठीक सामने यह लाइन फूट गई। निगम के कार्यपालन यंत्री अजय मालवीय ने बताया, यह डिस्ट्रिब्यूशन लाइन है। जिससे कुछ इलाके में पानी की सप्लाई होती है। कोलार सिक्सलेन निर्माण के चलते ज्यादातर लाइन शिफ्ट हो गई है, लेकिन काली मंदिर के पास शेड होने की वजह से शिफ्ट नहीं हो पाई। शुक्रवार को काम करते समय लाइन ब्रेक हो गई। टीम इसे सुधार रही है। निगम के सहायक यंत्री गौरव परमार ने बताया, इस लाइन से ईश्वर नगर समेत आसपास के क्षेत्र में पानी की सप्लाई होती है। शुक्रवार को पानी सप्लाई हो गया था। इसके बाद लाइन फूट गई। इसे सुधार रहे हैं। करीब 3 घंटे तक सड़क पर पानी बहता रहा। इसे देखने के लिए गुजर रहे राहगीर रुक गए और मोबाइल से फोटो-वीडियो बनाने लगे, हालांकि कई दुकानदार और रहवासियों के लिए यह आफत भी बन गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।